

पुण्यतिथि पर शत् शत् नमन

आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

• वर्ष- 16 अंक 302 • जबलपुर • मंगलवार, 6 दिसम्बर, 2022 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • अगहन मास शुक्ल पक्ष-13 • विक्रम संवत् 2079 शके 1935



## हैदराबाद में भारत का पहला रियल-टाइम गोल्ड लॉन्च

### 5 किलो सोना रखने की क्षमता, 5 से लेकर 100 ग्राम तक के गोल्ड क्वाइन निकलेंगे

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद में भारत का पहला रियल.टाइम गोल्ड एटीएम लॉन्च किया गया है। यह गोल्डसिक्का एटीएम सोने के सिक्के निकालता है। लोग इसमें अपने डेबिट या क्रेडिट कार्ड डाल कर सोने के सिक्के खरीद सकते हैं। । एटीएम की क्षमता 5 किलो सोना रखने की है। इसमें से 0.5 से लेकर 100 ग्राम तक गोल्ड क्वाइन निकलेंगे। गोल्डसिक्का के वाइस प्रेसिडेंट प्रताप ने कहा कि गोल्डसिक्का लिमिटेड कंपनी को 4 साल पहले स्थापित किया गया। हमारे ब्व् को एटीएम मशीन के माध्यम से सोने के सिक्के निकालने का एक इनोवेटिव कॉन्सेप्ट मिला। थोड़ी सर्चिंग करने के बादए हमें पता चला कि यह संभव है। हमने हैदराबाद स्थित एक स्टार्ट.अप कंपनीए ओपन क्यूब टेक्नोलॉजीज के साथ समझौता किया। दोनों कंपनियों के इन.हाउस विभाग ने इसके लिए डिजाइन तैयार किया।प्रताप ने कहा कि एटीएम की खास बात ये है कि यह सोने की कीमतों को लाइव अपडेट करता है। हर एटीएम में 5 किलो सोना रखने की क्षमता हैए जिसकी कीमत लगभग 2.3 करोड़ रुपए है।

## चुनावी मोड में कांग्रेस

# राजस्थान समेत 3 राज्यों के बदल दिए गए प्रभारी

**नई दिल्ली,ईएमएस।** माना जा रहा है कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले ये बदलाव आए हैं। कांग्रेस ने संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए तीन राज्यों के प्रभारी बदल दिए हैं। इसमें राजस्थान, हरियाणा और छत्तीसगढ़ शामिल हैं। पंजाब के पूर्व मंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा को राजस्थान, कुमारी शैलजा को छत्तीसगढ़ का और शक्ति सिंह गोहिल को दिल्ली के अलावा हरियाणा का भी प्रभारी बनाया गया है। नई नियुक्तियों को लेकर महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पत्र जारी किया है।



### सप्पल को पवन बंसल के साथ लगाया

पार्टी अजय माकन, पीएल पुनिया और विवेक बंसल के योगदान की सराहना करती है और उन्हें उनके संबंधित राज्यों के महासचिव और प्रभारियों के रूप में उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त करती है। आदेश में यह भी कहा गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने गुरदीप सिंह सप्पल को पवन कुमार बंसल के साथ लगाया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री बंसल वर्तमान में पार्टी के कोषाध्यक्ष हैं और प्रशासनिक विभाग के प्रभारी भी हैं।

### भाजपा भी फेरबदल की तैयारी में

कांग्रेस के बाद भाजपा भी अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों और उसके बाद 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आधे राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष बदलने की तैयारी कर चुकी है।

नए प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा इसी महीने हो सकती है। जिन राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष बदले जा सकते हैं, उनमें राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, प. बंगाल, ओडिशा, दिल्ली, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, गोवा आदि शामिल हैं।

### विधानसभा चुनावों को लेकर किए बदलाव

शैलजा ने पुनिया, रंधावा ने अजय माकन और गोहिल ने विवेक बंसल का स्थान लिया है। माना जा रहा है कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले ये बदलाव आए हैं। दोनों राज्यों में वर्तमान में कांग्रेस सत्ता में है। पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक संदेश में कहा गया कि कांग्रेस अध्यक्ष ने तत्काल प्रभाव से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में ये नियुक्तियां की हैं।

## किसानों को नहीं मिल रहा खाद, कालाबाजारी रोके सरकार : कमल नाथ

**भोपाल, यश भारत ।** प्रदेश में रबी फसलों के लिए किसानों को खाद नहीं मिल रहा है। बोवनी के लिए जब डीएपी की आवश्यकता थी, तब किसान सहकारी समितियों की दुकानों के बाहर लाइन में ख? थे। अब यूरिया की जरूरत है और यह भी मांग के अनुरूप नहीं मिल रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने सरकार से किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही कहा है कि कालाबाजारी को रोका जाए।प्रदेश में गेहूं, चना सहित रबी की अन्य फसलों की बोवनी हो चुकी है। किसानों को अब यूरिया की आवश्यकता है लेकिन पर्याप्त मात्र में खाद उपलब्ध नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रतिदिन कहीं न कहीं से यह सूचना मिलती है कि किसान खाद के लिए परेशान हो रहे हैं। सरकार खाद का प्रबंधन करने में पूरी तरह असफल रही है। बार-बार खाद की समस्या का लेकर सरकार का ध्यान भी आकर्षित कराया गया, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं की गई। यही कारण है कि अभी भी किसान खाद के लिए परेशान हैं।



# गुजरात में फिर खिलेगा कमल

## यशभारत में एक साल पहले ही ज्योतिषाचार्य पं. व्यास जी ने कर दी थी भविष्यवाणी

**जबलपुर, यशभारत।** गुजरात और हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव के नतीजे आठ नवंबर को घोषित होंगे। कई एग्जिट पोल में यह अनुमान जताया गया है कि गुजरात में भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर से सरकार बना सकती है। एक्जिट पोल्स के अनुमानों से मालूम पड़ता है कि हिमाचल प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है। सभी सर्वेक्षणों में कहा गया है कि गुजरात में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिल सकता है। यशभारत के गत वर्ष 18 सिंतबर 2021 के अंक में ही भाजपा की भारी जीत के बारे में खबर प्रकाशित की थी जिसमें ज्योतिषाचार्य पं. नारायण शंकर नाथूराम व्यास ने भाजपा की जीत की भविष्यवाणी कर दी थी अब जो पूर्वानुमान सामने आ रहे हैं वह सही साबित होते दिख रहे हैं। प्रख्यात भविष्यवक्ता ज्योतिषाचार्य पं. नारायण शंकर नाथूराम व्यास ने गुजरात चुनाव के सम्बन्ध में एक वर्ष पूर्व 18 सितम्बर 2021 को कह था कि आगामी वर्ष गुजरात में होने वाले विधानसभा चुनाव में कठिन संघर्षों के बावजूद भाजपा एक बार फिर अपनी सरकार बना लेगी। आज जब हमारे प्रतिनिधि ने पं. व्यास से गुजरात चुनाव के सम्बन्ध में पूछा तो उन्होंने कहा कि भाजपा की कुण्डली निश्चित रूप से मजबूत है। वर्तमान में चन्द्रमा की दशा और चन्द्रमा नीच भंग राजयोग मालव्य योग और गजकेशरी योग बना रहा है, पार्टी में अभी भी और अधिक प्रगति की सम्भावना है. जिन राज्यों में पार्टी सत्ता में नहीं है वहां भी उसे अच्छी



यश भारत

ज्योतिषाचार्य पं नारायणशंकर नाथूराम व्यास की भविष्यवाणी

गुजरात में फिर बनेगी भाजपा की सरकार

सफलता मिलेगी शनि की अंतर दशा चल रही है. जिसके कारण आगे जिन राज्यों में भी चुनाव होंगे, वहां क्षेत्रीय दलों से भाजपा को कड़ी चुनौतियां मिलेंगी और विजय प्राप्त करने में भाजपा को पसीना आ जायेगा। अब आगे जहां भी चुनाव होंगे वहां भाजपा बड़ी संख्या में अपने वर्तमान विधायकों के टिकिट काटकर नये स्वच्छ छवि वाले जिताउ लोगों को टिकिट देगी और भारतीय जनता पार्टी का एक तरह से कायाकल्प होगा। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल को 23 दिसम्बर 2022 तक राहु में शुक्र की अंतदशा और चन्द्रमा की प्रत्यंतर दशा रहेगी तथा जेमिनी चर दशा के अनुसार जुलाई 2022 से शुभ समय चल रहा है। केन्द्र और त्रिकोण के स्वामियों के सम्बन्ध से प्रबल राजयोग है, इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी कि भाजपा बहुत अच्छी विजय प्राप्त करेगी। एग्जिट पोल बताते हैं कि गुजरात में आप सीटें भले ही कमा नहीं पाई हो, लेकिन उसने कांग्रेस को बहुत बड़ा गच्चा दे दिया है। इसका सीधा फ़ायदा भाजपा को होता दिखाई दे रहा है। वर्षों बाद कांग्रेस गुजरात चुनाव में दिखाई ही नहीं दी। पिछली बार गहलोत ने कड़ी मेहनत कर गुजरात में कांग्रेस को 77 सीटें दिलाई थीं। इस बार उनकी पार्टी 77 के लगभग आधे पर जाती दिखाई दे रही है। एग्जिट पोल के मुताबिक, गुजरात में भाजपा रिकॉर्ड 7वीं बार सरकार बनाती दिख रही है। यहां कुल 182 सीटों में से भाजपा को 117 से 148 सीटें, कांग्रेस को 30 से 51 सीटें और क्क को 3 से 13 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। सर्वे के मुताबिक भाजपा इस बार करीब 133 सीटें जीत रही है।

## शिवराज कैबिनेट की बैठक आज

# हाउसिंग री-डेवलपमेंट पालिसी को मिल सकती है मंजूरी

**भोपाल यशभारत।** प्रदेश में 30 साल या इससे पुरानी जर्जर इमारत को तोडकर बहुमंजिला इमारत बनाई जा सकेगी। इसके लिए हाउसिंग री-डेवलपमेंट पालिसी में प्रविधान किया गया है। डेवलपर को बढ़ा हुआ फ्लोर एरिया रेश्यो मिलेगा। निर्माण अधिक होने पर डेवलपर को पुरानी इमारत की तुलना में बीस प्रतिशत अधिक निर्माण करके फ्लैट मालिक का देना होगा। नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा तैयार नीति पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में अंतिम निर्णय लिया जाएगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार नीति में यह प्रविधान भी किया गया है कि जब तक पुरानी इमारत की जगह दूसरी नहीं बन जाती है, तब तक रहवासियों के निवास की व्यवस्था डेवलपर को करनी होगी।तीन साल के भीतर निर्माण कार्य पूरा करना अनिवार्य रहेगा। रहवासी समितियों की सहमति के बाद ही काम प्रारंभ किया जाएगा। आइपीएस अधिकारी संजय कुमार झा और जीपी सिंह के लिए महानिदेशक के दो पद बनेंगेआइपीएस अधिकारी संजय कुमार झा और जीपी सिंह के लिए गृह विभाग महानिदेशक के दो पद सृजित करेगा। अभी पुलिस महानिदेशक ग्रेड में पांच संवर्गीय और पांच असंवर्गीय पर हैं। इन पर अधिकारी पदस्थ हैं।








## चंबल में भैस डकैती!


### आधी रात नकाबपोश बदमाश खोल ले गए 3 भैंस, विरोध पर चलाईं गोलियां

**भोपाल, ईएमएस।** अभी तक आपने ग्वालियर-चंबल अंचल में कैश, गहने लुटते देखे होंगे, लेकिन कोई आपसे कहे कि अब भैंस भी लुटने लगी है तो हैरान होने की जरुरत नहीं है। गांव-देहात में ऐसे मामले सामने आते रहे हैं, लेकिन अब शहर में भैंसों की डकैती होने लगी है। बात दो दिन पहले की है। शहर के गोला का मंदिर नारायण विहार कॉलोनी में आधी रात नकाबपोश आधा दर्जन बदमाश 3 भैसों को खोलकर ले जा रहे थे। जब भैंस मालिकों की नींद खुली तो बदमाशों ने अधिया और कट्टो से दो से तीन फायर किए। इसके बाद वह भैंसों को लेकर भाग निकले। लूटी गई भैंसों की कीमत लगभग 4 लाख रुपए है। घटना के बाद नारायण विहार में दहशत का माहौल है।

## कोलंबिया में लैंडस्लाइड

### 8 बच्चों समेत 34 की मौत

**बोगोटा, एजेंसी।** साउथ अमेरिकी देश कोलंबिया में सोमवार को बड़ा हादसा हुआ। यहां रिसाराल्डा प्रांत में एक बस लैंडस्लाइड की चपेट में आ गई। इस हादसे में 34 लोगों की मौत हो गई। नेशनल यूनिट फॉर डिजास्टर रिस्क मैनेजमेंट के मुताबिक, मरने वालों में 8 बच्चे हैं। मलबे में अभी भी कई लोग दबे हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।एक अधिकारी ने बताया कि भारी बारिश के बाद रिसाराल्डा प्रांत में भूस्खलन हो गया। बस के साथ कुछ अन्य गाड़ियां भी मलबे में दब गईं। बस कैली शहर से चोको प्रांत के कोंडोटो शहर जा रही थी। तभी प्यूब्लो रिको और सांता सेसिलिया के बीच यह हादसा हुआ।हादसे के दौरान घटनास्थल पर मौजूद एक शख्स ने आंखोंदेखी बताई। उसने कहा- पहले एक कार हादसे का शिकार हुई।



## आज बाबरी विध्वंस की 30वीं बरसी

### हिंदू महासभा ने किया ईदगाह में हनुमान चालीसा पाठ का ऐलान, बढ़ाई गई सुरक्षा

**मथुरा ,एजेंसी।** मथुरा में अखिल भारत हिंदू महासभा समेत कुछ हिंदूवादी संगठनों के ऐलान के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इन हिंदू संगठनों ने ऐलान किया है कि 6 दिसंबर के मौके पर वे ईदगाह परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। बता दें, श्रीकृष्ण जन्मस्थान के पास स्थित ईदगाह का मामला कोर्ट में लंबित है। हिंदू पक्ष का आरोप है कि मंदिर की भूमि पर कब्जा कर मस्जिद बनाई गई है। बहरहाल, मथुरा में आज चप्पे-चप्पे पर भारी पुलिस बल तैनात है। हिंदू महासभा ने ईदगाह में लड्डू गोपाल की पूजा का ऐलान भी किया है। सूचना मिलने पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान और शाही ईदगाह मस्जिद के आसपास के सुरक्षा बढ़ा दी गई। पूरे क्षेत्र को दो सुपर जोन, चार जोन और आठ सेक्टरों में बांटा गया है।

## राजस्थान में भारत जोड़ो का दूसरा दिन

# राहुल ने भाजपा दफ्तर पर खड़े लोगों को फ्लाइंग किस दिया, सभी मुस्कुरा दिए

**झालावाड़, एजेंसी।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का आज दूसरे राजस्थान के झालावाड़ के खेल संकुल से शुरू हुई। आज दोपहर बाद भारत जोड़ो यात्रा झालावाड़ से कोटा जिले में एंट्री करेगी। यात्रा में आज करीब 23 किमी. का सफर तय किया जाएगा। अगले चार दिन यह यात्रा कोटा जिले में रहेगी। आज की यात्रा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी सुबह से ही साथ चल रहे हैं। आज भारत जोड़ो यात्रा जब जिला भाजपा कार्यालय के सामने से निकली तो राहुल का रिएक्शन देखकर सभी मुस्करा दिए। दरअसल, भाजपा ऑफिस पर भी कई लोग यात्रा को देखने के लिए सुबह से ही जमे हुए थे। राहुल की नजर जब उन पर पड़ी तो उन्होंने फ्लाइंग किस देकर लोगों का अभिवादन किया।राहुल के साथ सचिन पायलट और कांग्रेस के दूसरे नेता भी भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर देखकर मुस्कराते हुए दिखाई दिए।इस बीच राजस्थान में यात्रा की एंट्री वाले दिन ही राजस्थान कांग्रेस को नया प्रभारी भी मिल गया। पंजाब के सीनियर लीडर सुखजिंदर सिंह रंधावा को पार्टी ने माकन के इस्तीफे के बाद प्रभारी नियुक्त किया है। रंधावा कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी के सदस्य भी मनोनीत किए गए हैं।राहुल गांधी यात्रा के दूसरे दिन हजारों लोगों के साथ मंगलवार सुबह आगे के सफर के लिए निकले।



# स्वास्थ्य के लिए स्वयं को होना होगा जागरूक

## बड़ेरिया मेट्रो प्राइम मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के संवाद कार्यक्रम में पार्षद भापकर





**जबलपुर, यशभारत।** हम तो चाहते ही है कि कोई बीमार न पड़े लेकिन आपको भी अपने स्वास्थ्य के पति जागरूक होना पड़ेगा तभी हम बेहतर जीवन जी सकेंगे. हमें अपनी हेल्थ की लॉग बुक बनाकर रखना चाहिए ताकि हेल्थ रिकॉर्ड व्यवस्थित रहे, आम लोगों को मालूम नहीं होता कि कहाँ जाएँ कैसे जाएँ किस डॉक्टर के पास जाएं किसअस्पताल जाएँ । आज इस इंटरनेट युग में हमें यह समझना जरूरी है कि हमारे शरीर में बीमारियों के संकेत बहुत पहले से मिलने लगते हैं लेकिन हम उन्हें समझ नहीं पाते। स्वास्थ्य विषयक इन्ही परेशानियों को समझने के लिए, समाज और अस्पताल के बीच की दूरियां कम करने के लिए , कमियां दूर करने के लिए और व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए ही हमने संवाद कार्यक्रम आयोजित किया है। उक्ताशय के विचार बड़ेरिया मेट्रो प्राइम मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के चेयरमैन सौरभ बड़ेरिया द्वारा संवाद 12 कार्यक्रम में व्यक्त किये गए ।कार्यक्रम में डॉक्टर सुनील मिश्रा ने कहा कि संवाद कार्यक्रम समाज की आवाज है और हमारे आपके बीच का सेतु है। इसके पूर्व पार्षद श्रीमती प्रतिभा विध्येश भापकर ने वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों तथा प्रतिभावान लोगों का सम्मान किया। विध्येश भापकर ने कार्यक्रम में उन लोगों के लिए को आयुष्मान कार्ड की सीमा में नहीं आते और बड़ी बड़ी मेडिक्लेम पॉलिसी ले नहीं सकते ,उनको अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए कोई योजना लाने का आह्वान किया। जिस पर अस्पताल प्रबंधन ने समाज के साथ बैठकर शीघ्र ही कोई उपाय खोजने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में अस्पताल के संस्थापक शंभू दयाल बड़ेरिया , नरेंद्र साह, प्रहलाद अग्रवाल,पवन जैन आदि उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों का स्वागत शाल, श्रीफल व पुष्प गुच्छ से किया गया व चेरीताल वार्ड के होनहार युवा सितारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पधारे सदस्यों के सवालों के जबाव भी सौरभ बड़ेरिया द्वारा विस्तार से दिए गए।संवाद कार्यक्रम की प्रस्तावना व् संचालन डायरेक्टर (ष्टस्क्र)डॉक्टर सुनील मिश्रा ने किया ।संवाद में अनमोल पटेल, स्नेहा अहिरवार, जेसिका पटेल, शिवान्जय महानूर, सौम्या खरे सहित चेरीताल के चमकते सितारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । संवाद कार्यक्रम में आचार्य वासुदेव शास्त्री, शंभू दयाल बड़ेरिया, पार्षद श्रीमती प्रतिभा विध्येश भापकर, डा ओ पी श्रीवास्तव, प्रहलाद अग्रवाल, नीलेश रावल, पर्व जायसवाल, लोकेश व्यास, नरेंद्र साहू, धीरेन्द्र मिश्रा, अरविंद गुप्ता, नरेंद्र खरे, आशीष चौधरी, विजय राज, अशोक चौधरी शैलेंद्र सिंह ठाकुर, आशीष नेमा, सचिन तिवारी, सुनील रजक, संजय सोनी, प्रशांत महानूर, सुरेश शुक्ला, जवाहर लाल साहू, राजेंद्र ब्योहार, प्रियंका श्रीवास्तव, गोपाल सोधिया, श्रेय अग्रवाल, विनोद सोनी, गैबी चौधरी सहित क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे । कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन अस्पताल के मेनेजिंग डायरेक्टर राजीव बड़ेरिया द्वारा किया गया।

# कलश स्थापना के साथ शुरू हुआ मां नर्मदा का प्राण प्रतिष्ठा समारोह

**जबलपुर, यशभारत।** स्व. माता श्रीमती सोनादेवी एवं पिता श्री स्व. लालजी प्रसाद शर्मा की स्मृति में मां नर्मदा की प्राण प्रतिष्ठा के तहत सीताकुंज आश्रम में धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गए हैं। धार्मिक अनुष्ठान के तहत सोमवार को दोपहर में आयुर्वेदिक कॉलेज ग्वारीघाट से शोभायात्रा निकाली गई जो सीताकुंज आश्रम भटौली में पूर्ण हुई। जहां कलश स्थापना की साथ धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुए। आश्रम में मां नर्मदा की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान पैदल नर्मदा परिक्रमावासियों का सम्मान उन्हें सदाव्रत भोजन एवं उनके ठहरने की निशुल्क व्यवस्था की गयी है। कार्यक्रम स्थल प्रायमरी स्कूल भटौली ग्वारीघाट में आयोजित कार्यक्रम में आज अनाधिवास, ध्रताधिवास, सर्वोधिवास हुआ। 7 दिसम्बर को फलाधिवास, दूधाधिवास, जलाधिवास, शयनाधिवास, एवं 8 दिसम्बर को पुष्पाधिवास, प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत भोग प्रसाद वितरण किया जाएगा।उपस्थिति की अपील श्रीमती सीता देवी, प्रमोद शर्मा,





प्रिया मनोज शर्मा, प्रीति विजय तिवारी, रुकमणी शर्मा, ममता शर्मा, उषा शर्मा, रूपम प्रदीप शर्मा, ज्योति प्रवीण शर्मा, प्रतिभा सीमांत शर्मा, शरद, युवराज, नमामि एवं शुभि ने की है।

# उच्च न्यायालय के चारों ओर चौड़ी होंगी सड़कें: महापौर

## अधिवक्ताओं की विशेष मांग पर सुगम यातायात एवं बेहतर पार्किंग व्यवस्था के लिए महापौर-विधायक ने लिया निर्णय

### पूर्व विधानसभा क्षेत्र में 52 लाख 38 हजार रूपये के विकास कार्यों का हुआ शुभारंभ



**जबलपुर,यशभारत।** नगर निगम द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अद्योसंरचना एवं विकास के कार्य लगातार कराये जा रहे हैं। संस्कारधानी के अधिवक्ताओं की विशेष मॉग पर एवं विधायक लखन घनघोरिया की पहल पर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने माननीय उच्च न्यायालय के चारों ओर की सड़कों के चौड़ीकरण करने के निर्देश दिये हैं। महापौर ने कहा कि इस कार्य से सुगम यातायात और बेहतर पार्किंग की व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी, जिससे अधिवक्तागण एवं न्यायालय में आने वाले आम जनमानस को भी अच्छी सुविधा प्राप्त हो सकेगी। माननीय उच्च न्यायालय के चारों ओर सड़कों को व्यवस्थित करने का कार्य जल्द ही प्रारंभ करने के निर्देश महापौर ने दिये हैं। इसी विकास कार्यों की श्रृंखला में आज पूर्व विधानसभा क्षेत्र संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला के अंतर्गत 52 लाख 38 हजार रूपये की लागत से विकास कार्यों का शुभारंभ कराया गया। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' और पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक लखन घनघोरिया, निगम अध्यक्ष रिंकू विज, नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, एम.आई.सी. सदस्य एवं लोकनिर्माण विभाग के प्रभारी मनीष पटैल, एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने 5 कन्याओं से सड़क सीमेंटीकरण एवं पेबर ब्लाक के निर्माण कार्य का भूमिपूजन कराकर कार्य प्रारंभ कराया।

भूमिपूजन के अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं विधायक लखन घनघोरिया ने बताया कि पूर्व विधानसभा क्षेत्र के सम्माननीय नागरिकों की मॉग पर सड़क सीमेंटीकरण एवं पेबर ब्लाक के निर्माण कार्य को भूमिपूजन के उपरांत प्रारंभ कराया गया है। विधायक श्री घनघोरिया ने बताया कि संभाग क्रमांक 11 के अंतर्गत डॉ. जेठी अस्पताल से पी.के. गुप्ता जी के घर तक सीमेंटीकरण कार्य लागत 15 लाख 88 हजार रूपये, लम्बाई 340 मीटर एवं मालगोदाम चौक से तहसीली चौक तक हाईकोर्ट परिसर के सामने पेबर ब्लाक निर्माण कार्य लागत 36 लाख 50 हजार रूपये, लम्बाई 300 मीटर बनाई जायेगी। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही उच्चगुणवत्ता के साथ सड़क एवं पेबर ब्लाक के निर्माण कार्य को पूर्ण कराकर नागरिकों को उपयोग के लिए समर्पित की जायेगी। इस अवसर पर बार कौंसिल अध्यक्ष संजय वर्मा, पारितोष त्रिवेदी, आशीष तिवारी, ए.के. पाण्डेय, सत्येन्द्र ज्योतिषी, अर्पित तिवारी, बृजेश दुबे, नीरज तिवारी, दीपक सेन, अमन शर्मा, सम्पूर्ण तिवारी, अजय शुक्ला, लवकुश, जितेन्द्र श्रीवास्तव, सौरभ सिंह, आदि उपस्थित रहे।

# गुलाबी ठंड से शहर का मौसम खुशनुमा

**जबलपुर यशभारत।** गुलाबी ठंड से शहर का मौसम खुशनुमा हो गया है। सुबह और शाम का तापमान सामान्य है, रात से लेकर सुबह तक तेज ठंड का अहसास बढ़ गया है। हालांकि दोपहर की धूप ने शहर के लोगों को थोड़ी राहत दी है, लेकिन मौसम विज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में यह धूप भी ठंड का अहसास कराएगी । सोमवार को न्यूनतम तापमान में कोई गिरावट दर्ज नहीं हुई। अधिकतम तापमान एक डिग्री तक बढ़ गया। मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए मौसम के आंकड़ों के मुताबिक न्यूनतम तापमान 10 से 12 डिग्री के आसपास चल रहा है। सोमवार को जबलपुर का अधिकतम तापमान 27.1 डिग्री दर्ज किया गया तो वहीं न्यूनतम तापमान 11.4 रहा। मंगलवार सुबह साढ़े 8 बजे का तापमान 15 डिसे दर्ज किया गया वही सुबह की आद्रता 84 प्रतिशत रही। नवंबर माह में ही ठंड ने अपनी मौजूदगी देकर शहर के लोगों को यह बता दिया कि इस बार ठंड अपने पूरे शबाब पर रहेगी।दिसंबर माह के पहले सप्ताह में जरूरी ठंड ने लोगों को थोड़ी राहत दी। तापमान 10 से 12 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा, लेकिन आने वाले दो से तीन दिनों में ठंड बढ़ेगी। तापमान में अब लगातार गिरावट आएगी। मौसम विज्ञानिकों की माने तो मौसम में उत्तरी हवाओं का रूख तेज होगा।

# जबलपुर की बेटी सुरभि मुले ने श्रीमद्भगवादगीता की जन्म स्थली कुरुक्षेत्र में फहराया परचम

## गीता गर्ल ने श्लोकों से युवाओं से किया भगवद्गीता से जुड़ने का आग्रह

**जबलपुर, यशभारत।** गीता गर्ल के नाम से विख्यात जबलपुर की बेटी सुरभि मुले ने श्रीमद्भगवादगीता की जन्म स्थली कुरुक्षेत्र में राष्ट्रपति द्वारा 29 नवंबर को उद्घाटित अंतर राष्ट्रीय गीता महोत्सव में गीता जयंती के पावन अवसर पर 3 एवं 4 दिसंबर को महामहिम राज्यपाल हरियाणा, महामहिम राज्यपाल पंजाब, मुख्यमंत्री हरियाणा



, अनेक मंत्रियों, राष्ट्रीय संतों, देश विदेश से पधारे हजारों लोगो की गरिमामय उपस्थिति में मुख्य मंच से अपने उद्बोधन के माध्यम से जबलपुर एवं मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए एक बार फिर प्रदेश को गौरवांवित् किया । विदित है कि जहां शनिवार 3 दिसंबर को गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज और अन्य दिव्य राष्ट्रीय संतो की उपस्थिति में संत समागम कार्यक्रम हुआ, वहीं रविवार 4 दिसंबर को आयोजित वैश्विक गीता पाठ की भव्यता और जन सैलाब इस हद तक थी कि जिसने सारे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को छिन्न भिन्न कर के रख दिया था । इस वैश्विक गीता पाठ में 25 से अधिक देशों के 4 लाख से अधिक लोग online, संपूर्ण हरियाणा राज्य के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के 75000 से अधिक विद्यार्थी online , 18000 विद्यार्थी मुख्य मैदान में ऑफ द्यद्बठ्ठद्ग तथा हजारों आम जन जुड़े तथा गीता जी के 18 अध्यायों के 18 श्लोकों का एक साथ सामूहिक वाचन करके गीता जी को नई गरिमामय ऊचाइंया प्रदान की देश भर के युवाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश की बेटी सुरभि मुले ने गीता के श्लोकों के माध्यम से अपनी बात रखी तथा भटकाव से बचने और मन पर नियंत्रण करने के भगवान श्री कृष्ण के मार्गदर्शन को सुंदर तरीके से युवा पीढ़ी को आज की जरूरत बताते हुए उनसे युवा अवस्था में ही भगवद्गीता से जुड़ने का आग्रह किया । सुरभि के गीता जी के श्लोकों के अत्यंत स्पष्ट उच्चारण, वाणी की मिठास अर्थ को समझाने के सुंदर तरीके का हर सुनने और देखने वाला कायल हो गया साथ ही सुरभि की इस प्रतिभा ने सबको हैरान कर दिया।

# संस्कृत भाषा संस्कारों की जननी

## गीता जयंती पर श्री जानकीरमण महाविद्यालय में संस्कृत भारती की एक दिवसीय कार्यशाला



**जबलपुर, यशभारत।** गीता जयंती के अवसर पर गीता एवं संस्कृत की महत्ता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन श्रीजानकीरमण महाविद्यालय में किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने की एवं अतिथियों के रूप में संस्कृत भारती महाकौशल के प्रांत डॉ.मनोज पांडे, विजय तिवारी, शिवकुमार व्यास, डॉ विष्णु गोखले (पूर्व प्रचार संस्कृत विद्यापीठ) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना पश्चात अतिथियों का स्वागत कर किया गया। इस अवसर पर स्वास्ति वाचन एवं अतिथियों का स्वागत संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. गंगाधर त्रिपाठी ने मोतियों की माला से किया। इस अवसर पर अतिथियों ने गीता के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि इसमें मानव की हर समस्या और जिज्ञासा का समाधान उपलब्ध है। वहीं उन्होंने संस्कृत को देव भाषा निरूपित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि संस्कृत भाषा संस्कारों की जननी है और इसके उन्नयन के लिए एक दिवसीय नहीं बल्कि कम से कम तीन दिवसीय कार्यशाला महाविद्यालय में आयोजित की जानी चाहिए। इसके लिए शायद सतत प्रयत्नशील रहेंगे। संपूर्ण कार्यशाला का संचालन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ.आनंद सिंह राणा ने किया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ की ओर से डॉ.अंजली शुक्ला, श्रीमती अनामिका सिंह, श्रीमती राधा झारिया, प्रशांत पाठक, तरुण मिश्रा, श्रीमती राखी वाजपेई, सुश्री प्रियंका यादव, सुश्री मीनाक्षी लोधी, सुश्री अनुपमा पाठक, सुश्री काजल मानेक, मुकेश श्रीवास्तव, हेमंत सोनिया, मनोज चौरसिया, संजय पांडे, गोपाल रैकवार, भूपेंद्र अहिरवार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# श्री दत्त मंदिर में प्रारंभ हुआ नारदीय कीर्तन





**जबलपुर, यशभारत।** श्री दत्त भजन मंडल में श्री दत्त जयंती उत्सव नाम सप्ताह के पाँचवे दिन सुबह धार्मिक अनुष्ठान किये गये का पारायण . सायंकालीन महाआरती मे पार्षद श्रीमती प्रतिभा भापकर , शरद पाठक ,महाराष्ट्र व्यायाम शाला, शिक्षण मंडल,महरानी लक्ष्मी बाई भजन मंडल,रहली पंढरपुर ट्रस्ट, श्रेयस गोखले, विघ्नेश भापकर, दिलीप सूबेदार, अनिरूद्ध ठोसर,राजेश नीलकंठ पचारे, सौ माणिक नाईक के सदस्य शामिल हुए, इसी श्रृंखला मे रात्री में कीर्तन ह.भ.पा वैभव बुआ ओक जी (डोम्बीवली) द्वारा दत्त भक्ति पर कीर्तन किया गया जिसमे तबले पर संगत श्री रवि परांजपे एव हारमोनियम पर विजय चांदोरकर ने की। संस्था अध्यक्ष विजय भावे, सचिव शरद आठले एव मुरलीधर पालनदे द्वारा कीर्तनकार एवं संगतकार का स्वागत किया।कार्यक्रम का संचालन श्री विलास ताम्हणकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष म.प्र.जन अभियान परिषद डॉ जितेंद्र जामदार,संरक्षक डॉ अर्चना मुठ्ये, अनिल राजुरकर, अशोक नाफड़े,सुधीर नाईक, विजय तेलंग, मनोज हर्डीकर, श्रीकृष्ण परांजपे,डॉ तनखिवाले,एड.सुधा पंडित, प्रमोद पाठक, शिल्पा सप्रे, आभा रानडे,मंगला फाटक, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।





# अधिवक्ता के जीवन में अनुशासन का महत्व समझाया

**जबलपुर, यशभारत।** जिला न्यायालय इकाई जबलपुर द्वारा स्टडी सर्किल कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का प्रारंभ सर्वप्रथम भारत माता एवं सरस्वती माता पर माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना से की गई, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला न्यायालय एसटी /एससी कोर्ट की विशेष लोक अभियोजक श्रीमती कृष्णा प्रजापति द्वारा एवं मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय अभिभाषक एवं लोक अभियोजक अशोक कुमार पटेल द्वारा की गई वक्ताओं ने अधिवक्ता के जीवन में अनुशासन का महत्व च्चविषय पर उद्बोधन व्यक्त किया किया गया , प्रांत की महिला प्रमुख नीलम दत्त एवं सुनील कुमार गुप्ता , जिला इकाई के कार्यवाहक अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी जी एवं महामंत्री राममिलन प्रजापति द्वारा संचालन सीमा साहू द्वारा परिचय एवं आभार प्रदर्शन रुपेश पटेल द्वारा किया गया। जिला इकाई के समस्त पदाधिकारी एवं अधिवक्तागण की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस अवसर पर सुशीला पालीवाल , सतपाल चडार, प्रदीप गुप्ता , मीडिया प्रभारी सचिन अग्रवाल उपस्थित रहे।

# गोरखपुर फल सब्जी व्यापारियों को लेकर घेरा नगर निगम

**जबलपुर,यशभारत।** रविवार को गोरखपुर में हुए अतिक्रमण के विरोध में मध्य भारत मोर्चा के अध्यक्ष सौरभ यादव, आशीष मिश्रा , व भाजपा की महिला नेत्री अंजू भार्गव एवं व्यापारियों द्वारा नगर निगम का घेराव किया गया , जहाँ पर प्रदर्शन कारी ओर पुलिस की झूमा झपटी हो गई मोर्चा के अधिकारियो का कहना है, की निगम प्रशासन ने अमर्यादित ढंग से गरीबो के ढेले पालटाये है, ओर साथ ही साथ उनका फल व सब्जी की लातो से रौंदा है, जिसमे वह का पुलिस प्रशाशन भी उपस्थित था, ओर इस बर्बरता पूर्ण हरकत कर गुंडागर्दी की गई ,एक ओर महँगाई के दौर में आम इंसान अपना गुजर बसर करने में दिन भर पसीना बहा रहा है, वही दूसरी और, आँखे मूंद कर इन पर अत्याचार कर रही है, व इनको उचित स्थान प्रदान नही कर रही है, जिसे लेकर निगम का घेराव किया गया।

## पुलिस से झूमा झपटी



# ओशो महोत्सव में विदेशों से आएंगी भजन मंडलियां

## 9 और 10 को होगा ध्यान, 11 को भव्यता से मनेगा भगवान श्री का जन्मोत्सव, 12 व 13 दिसंबर को कलाकार जमाएंगे रंग

**जबलपुर,यशभारत।** ध्यान एवं प्रेम के अद्भुत प्रवर्तक आचार्य रजनीश ओशो) के पांच दिवसीय जन्मोत्सव इंटरनेशनल ओशो म्युजिक फेस्टिवल को भव्य एवं स्मरणीय बनाने के लिये आयोजकों द्वारा विविध स्तरों पर तैयारियां की जा रही हैं। जहां एक और संगीत एवं स्टेज परफार्मेस के बेजोड़ कार्यक्रम होंगे तो वहीं लंदन, कनाडा एवं जर्मनी से भजन मंडलियों का आगमन होगा, जो यहां अपने भजनों की प्रस्तुतियां देगी। 9 दिसंबर से 13 दिसंबर के मध्य आयोजित कार्यक्रम के मुख्य आयोजक स्वामी श्रीला प्रेम पारस एवं मां राबिया (स्विट्जरलैंड) हैं। वहीं, जिला प्रशासन, नगर परिषद भेडाघाट एवं ओशो मित्र मंडल के सहयोग से ये आयोजन संपन्न होने जा रहा है। सभी कार्यक्रम भेडाघाट स्थित नगर परिषद हेलीपेड स्टेडियम में आयोजित किये जाएंगे। इस पांच दिनी आयोजन के प्रथम दो दिवसों में ध्यान के विविध प्रयोग होंगे, जिनमें विशेषज्ञों द्वारा प्रवचन भी दिए जाएंगे। 11 दिसंबर को ओशो के जन्मदिवस को उनके भक्तों द्वारा भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस दिन सुबह 9.30 बजे से अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध बांसुरी वादक पद्म श्री व पद्म भूषण पंडित हरि प्रसाद चौरसिया द्वारा सुमधुर बांसुरी



वादन किया जाएगा। इसी क्रम में 11 दिसंबर को ही इंडियन आइडल फेम गिरीश विश्वा अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। लाइव बैंड की शानदार परफ, मैस होगी और सारेगामा फेम अनन्या चक्रवर्ती भी अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लेंगी।

### ये भी जमाएंगे अपना रंग

आयोजन के प्रत्येक दिन दर्शकों को विविध कलाओं के नये आयामों को स्पर्श करने का अवसर प्राप्त होगा। फिल्म फेयर अवार्ड व आरडी बर्मन पुरस्कार विजेता विख्यात सितार वादक निलाबी कुमार 11 दिसंबर को शाम 6 बजे अपनी सितार से वातावरण को संगीतमयी बनाएंगे। इसी क्रम में इंडियन आइडल फेम सवाई भाट व इशिता विश्वकर्मा की गायन प्रतिभा भी मंच पर उतरेगी। इंडियन लॉफ्टर चौपियन प्रताप फौजदार, कवि सुदीप भोला भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन में बनारस से श्रृंगार रस की कवियत्री विभा शुक्ला व देश के शीर्ष गिटार वादक अरविंद हल्दीपुर भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन में सारेगामापा व्रज क्षत्रिय भी शिरकत करेंगे। आयोजनों की कड़ी में ओशो के दुनिया भर में फैले परम प्रेमियों के नृत्य एवं ध्यान के कार्यक्रम भी होंगे। स्वामी श्रीला प्रेम पारस एवं मां राबिया (स्विट्जरलैंड), बरगी विधायक संजय यादव, भेडाघाट नगर परिषद अध्यक्ष चतुर सिंह, उपाध्यक्ष जगदीश दाहिया, पूर्व भेड़ाघाट नगर परिषद् अध्यक्ष अनिल तिवारी, अविनाश भारती, अशोक नंद, अनुज पांडे, शांतनु, सचिन, आशीष वर्मन, सुनील जैन, आशीष जैन, जितेंद्र गोस्वामी, प्रशांति तिवारी एवं समस्त ओशो मित्र मंडल ने उपस्थिति का आग्रह किया है।

# माटी के स्वास्थ्य हेतु कृषि छात्र, वैज्ञानिक एक सेतु के रूप में करें कार्य : ब्रजेश अरजरिया

## जनेकृविवि में विश्व मृदा दिवस समारोह का शानदार आयोजन

**जबलपुर यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की सप्रेरणा से मृदा विज्ञान विभाग के जैव उर्वरक केन्द्र में विश्व मृदा दिवस समारोह एवं कृषक संगोष्ठी आयोजित की गई। समारोह के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के माननीय प्रमण्डल सदस्य डॉ. ब्रजेश दत्त अरजरिया ने अपने उदबोधन में कहा कि हमारी माता कही जाने वाली मृदा धीरे-धीरे मुर्दा होती जा रही है, इस ओर सभी को गहन, गंभीरता के साथ कार्य करना करना होगा। जिससे मृदा का संरक्षण-संवर्धन हो सके, माटी के स्वास्थ्य हेतु कृषि छात्र वैज्ञानिक एवं किसान एक साथ मिलकर कार्य करें। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व प्रगतिशील कृषक इंजी, श्री के. के. अग्रवाल ने कहा कि मृदा के मूलस्वरूप में बदलाव हम सबके लिये चिंता का विषय है। हमारे किसान भाई इस विषय पर ओर ध्यान दें ताकि स्वस्थ्य मृदा से गुणवत्तायुक्त खाद्यान्न प्राप्त होता है। विश्वविद्यालय के संचालक अनुसंधान सेवायें व कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. जी. के. कौतू ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हमारे छात्र -छात्रायें सही दिशा का चयन कर शोध कार्य करें, ताकि भविष्य की खाद्यान्न चुनौतियों का समाधान प्राप्त हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. पी. बी. शर्मा ने बताया कि खेती के कार्यों में पंचतत्वों का संतुलन बनाकर कार्य करेंगे तो बेहतर माटी का स्वास्थ्य होगा व उत्पादन भी गुणवत्ता से परिपूर्ण होगा। स्वागत उद्बोधन आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. एन.जी. मित्रा ने विश्व मृदा दिवस मनाने एवं थीम च्चमिट्टी जहाँ भोजन शुरू होता हैज्ज विषय पर विस्तार से बताया एवं माटी के क्षेत्र में विभाग द्वारा किये जा रहे किसान हितैषी अनुसंधान कार्यों की जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ट वैज्ञानिक डॉ. शेखर सिंह बघेल एवं आभार प्रदर्शन डॉ. पी. एस. कुल्हारे द्वारा किया गया। इस दौरान विभाग के डॉ पी. एस. कुल्हारे, डॉ. एच. के. राय, डॉ. बी. एस. द्विवेदी, डॉ. राकेश साहू डॉ. अमित उपाध्याय, डॉ. जी.एस. टैगोर, डॉ. फूलचंद्र अमूले, डॉ. अभिषेक शर्मा, श्री राजकुमार काछी आदि की उपस्थिति रही। साथ ही किसान व विभाग के स्नाकोत्तर व पी. एच. डी. के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।




## कृषि विज्ञान केन्द्र, जबलपुर में भी आयोजन

# पुरानी पद्धतियों के संरक्षण पर बल



मिट्टी जहाँ भोजन शुरू होता है के थीम पर आधारित विश्व मृदा दिवस 2022 का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, जबलपुर द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संचालक विस्तार सेवायें, डॉ. डी.पी. शर्मा संचालक विस्तार सेवायें ने बदलते परिवेश में मृदा में आने वाली चुनौतियों के निराकरण तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की बात कही। विशिष्ट अतिथि के रूप में संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ जी के कोतू ने भविष्य के चुनौतियों के अनुरूप अनुसंधान करने पर बल दिया तथा पुरानी पद्धतियों के संरक्षण पर बल दिया। डॉ. पी. बी. शर्मा अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर ने कहा की टिकाऊ खेती के लिए समन्वित कृषि प्रणाली अपनाकर मिट्टी के स्वास्थ में भी सुधार किया जा सकता है। डॉ. एन.जी. मित्रा विभागाध्यक्ष मृदा विज्ञान ने जैव उर्वरकों की उपयोगिता तथा मृदा स्वस्थ्य, डॉ. टीआर शर्मा प्रमुख वैज्ञानिक एवं डिप्टी रजिस्ट्रार उद्यानिकी फसलों में मृदा स्वास्थ्य पत्रक की उपयोगिता की जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, जबलपुर की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ रश्मि शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया। इसी कड़ी में डी.डी.एम नावंड अपूर्व गुप्ता, मृदा वैज्ञानिक डॉ पी एस कुल्हाड़े डॉ. एचके राय, डॉ. अमित उपाध्याय, डॉ बीएस द्विवेदी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुये मृदा विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. डी. के. सिंह द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया तथा आभार प्रदर्शन फसल वैज्ञानिक डॉ. नितिन सिंघई द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में केन्द्र के वैज्ञानिक एवं कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. डी. के. सिंह, डॉ. नितिन सिंघई, डॉ. यतिराज खरे, डॉ निहारिका शुक्ला, पूजा चतुर्वेदी, डॉ ऋचा सिंह, डॉ. नेहा शर्मा सहित लोक कल्याण समिति की भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर जबलपुर जिले के लगभग 90 कृषक व कृषक महिलाओं ने भाग लिया।





# माल्यार्पण कर बाबा साहेब का पुण्यस्मरण

**जबलपुर, यशभारत।** शहर में आज डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्माण दिवस पर श्रद्धा के फूल अर्पित किए गए। इस अवसर पर सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक संगठनों ने बाबा साहेब को याद किया और तहसीली चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कांग्रेस के नगर अध्यक्ष व महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू समेत पार्टीजनों, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं व बसपा व अन्य संगठनों ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर को याद कर उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बाबासाहेब के योगदान एवं संविधान में मिले आम नागरिकों, दलितों, पिछड़ों वा महिलाओं के मौलिक अधिकारों पर विचार रखे। महापौर जगत् बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि बाबा साहब के बारे में जितना भी कहा जाये वह कम है उन्होंने कहा कि यह जो देश चल रहा है वह कानून से चलता है और यह कानून की जो देन है इसमें बाबा साहब की अह्म और महत्वपूर्ण भूमिका है।

## बाबरी विध्वंस मामला को लेकर पुलिस अलर्ट

# प्रमुख मार्गों में पुलिस का पहरा संवेदनशील इलाकों में फोर्स तैनात

**जबलपुर, यशभारत।** शहर में आज मंगलवार को पुलिस अलर्ट मोड पर है। जिसके चलते शहर के संवेदनशील इलाकों सहित प्रमुख मार्गों पर पुलिस फोर्स तैनात है। वहीं, शहर में पूर्ण शांति है। लेकिन किसी अप्रिय घटना को देखते हुए अहतियातन पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतिजामात किए है। एएसपी संजय अग्रवाल ने बताया कि 6 दिसंबर 1992 में बाबरी का विवादित ढांचा गिराए जाने की 30वीं बरसी है। जिसको लेकर शहर के केंट, भानतलैया, मछली मार्केट ,बहोराबाग आदि करीब 12 प्वाइंटों में पुलिस फोर्स तैनात है। शहर में पूर्ण शांति है। लेकिन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है।



# स्वस्थ्य मृदा से होती है कृषक की आय दो गुनीः डॉ.जे.एस.मिश्र



## खरपतवार अनुसंधान निदेषालय द्वारा विष्व मृदा दिवस का आयोजन

**जबलपुर, यशभारत।** खरपतवार अनुसंधान निदेषालय, जबलपुर द्वारा विश्व मृदा दिवस मनाया गया। विश्व मृदा दिवस किसानों को मृदा स्वास्थ्य में सुधार लानें हेतु जागरूक करने के उद्देष्य से मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय ''मृदाः जहॉ अन्न की शुरुआत'' है। कार्यक्रम का आयोजन शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला,गदर पिपरिया, सहजपुर में करते हुए विश्व में मृदा महत्वता को समझकर उससे पैदावार को बढ़ाने के पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 150 छात्रों एवं महिला/पुरुष कृषकों के अलावा संस्थान के कृषि वैज्ञानिकों एवं तकनीकी अधिकारीयों ने भाग लिया।डॉ.जे.एस.मिश्र,निदेषक, खरपतवार अनुसंधान निदेषालय ने अपने उद्बोधन में कहा कि मृदा एक जीवित संरचना है, इसलिए इसके स्वास्थय पर ध्यान देना हमारा परम कर्तव्य है। स्वस्थ मृदा से ही स्वस्थ मानव, स्वस्थ पर्यावरण एवं स्वस्थ समाज का निमार्ण संभव है। डॉ. पी.के.सिंह, प्रधान वैज्ञानिक ने सबका स्वागत करते हुये मृदा स्वास्थ्य को सुधारने की आवष्यकताओं एवं विधियों पर बल दिया साथ ही मृदा में रसायनो के उपयोग से होने वाले प्रदुषण को रोकने संबधी जानकारी प्रदान की इस अवसर पर डॉ. के.के. बर्मन, डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ.हिमाषु महावर एवं डॉ. दिवाकर रॉय ने मृदा स्वास्थ्य को सुधारने की आवष्यकताओं एवं विधियों पर व्याख्यान प्रदान किये। कार्यक्रम में श्री मदन तिवारी प्रधान षिक्षक विषेषरुप से उपस्थित रहे।

## विद्युत कंपनियों का मुख्यालय शक्तिभवन जबलपुर का सबसे स्वच्छ कार्यालय

# महापौर ने दिया पावर मैनेजमेंट कंपनी के सिविल संकाय को प्रथम पुरस्कार




**जबलपुर, यशभारत।** नगर निगम जबलपुर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता में एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के शक्तिभवन परिसर को स्वच्छ कार्यालय श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत आयोजित समारोह में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने जबलपुर शहर के स्वच्छ कार्यालय का प्रथम पुरस्कार एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के उप महाप्रबंधक सिविल वीपी साहू व वरिष्ठ प्रबंधक राजीव कुमार सरैया को पिछले दिनों एक गरिमामय समारोह में प्रदान किया। जबलपुर का सबसे विशाल परिसर है शक्तिभवन-विद्युत कंपनियों का मुख्यालय शक्तिभवन जबलपुर शहर का सबसे विशाल कार्यालय परिसर है। शक्तिभवन लगभग 33 एकड़ में निर्मित व विस्तारित है। शक्ति भवन में 16 ब्लॉक, चेयरमेन ब्लॉक और 40 से अधिक फ्लोर है। इस विशाल परिसर की नियमित साफ सफाई प्रतिदिन की जाती है। रद्दी कागज रि-साइकलिंग यूनिट में भेजे जाते हैं-शक्तिभवन में एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी, पावर जनरेटिंग कंपनी, पावर ट्रांसमिशन कंपनी व पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनियों के कार्यालय हैं। कार्यालयों की डस्टबिन से निकलने वाले सूखे रद्दी कागज को संग्राहित कर रि-साइकलिंग यूनिट को बेचा जाता है। इससे कंपनियों को राजस्व प्राप्त होता है और वातावरण प्रदूषित नहीं होता।

स्वयं का मल शोधन संयंत्र-पावर मैनेजमेंट कंपनी के सिविल संकाय का स्वयं का मल शोधन संयंत्र है। इस संयंत्र की सहायता से ट्रीटेड वॉटर का उपयोग परिसर की बागवानी के लिए किया जाता है। पिछले दो वर्षो से शक्तिभवन और रामपुर व नयागांव परिसर में सघन पौधारोपण कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया गया है। पौधारोपण होने के कारण शक्तिभवन और इसके आसपास के क्षेत्रों में हरियाली निखर कर सामने आई है।

# वरिष्ठ शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन



**जबलपुर, यशभारत।** समग्र शिक्षक संघ जबलपुर द्वारा मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश एवं मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन को स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजाति विभाग अंतर्गत कार्यरत पुराने संवर्ग के वरिष्ठ शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर कलेक्टर परिसर में संघ के प्रांतीय आव्हान पर 9 सूत्रीय ज्ञापन अपर कलेक्टर सुश्री कलावती व्यारे को सौंपा' ।इस अवसर पर संघ के प्रन्तीय महामंत्री नरेन्द्र दुबे आलोक बाजपेई' अनिल अग्रवाल एजगदीश गहलोत पीयूष तिवारी राजेश नेमा प्रीतम लाल साहू अनूप सिंह' प्रदीप पासी शिवकुमार पटारिया 'आलोक शर्मा मनोज जैन समग्र के जिला अध्यक्ष मनीष जैन उपस्थित रहे हैं।

# श्री मुकेश दीवान का स्वर्गवास

**जबलपुर, यशभारत।** थोक फल व्यापारी संघ के अध्यक्ष श्री मुकेश दीवान का निधन हो गया है। अंतिम



यात्रा आज सुबह अन्नपूर्णा मंदिर के समीप, निवाड़गंज स्थित उनके निवास स्थान से रानीताल मुक्तिधाम पहुंची जहां हुए अंतिम संस्कार में समाज के सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर दिवंगत को अश्रुपूरित विदाई दी। स्व.मुकेश दीवान श्री बसोरीलाल दीवान के ज्येष्ठ पुत्र, कृष्णकुमार दीवान के भतीजे, दिनेश, नरेश एवं अखिलेश दीवान के बड़े भाई थे।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद् नरसिंहपुर (मप्र)

क्रमांक - 2891/राशा/नपाप/2022 नरसिंहपुर दिनांक 5/12/ 2022

## इश्तहार सूचना (भवन/प्लाट नामांतरण सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा निम्नांकित आवेदनों पर नामांतरण कार्यवाही की जाना है ।इस हेतु आज दिनांक 5/12/2022 से तीस दिवस के अंदर आपत्तियों का आव्हान किया जाता है ।निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रमाण रहित आपत्तियां मान्य नहीं की जावेगी, सूचित होवें ।

| क्रं. | प्रकरण क्रं. | वार्ड का नाम | भवन/प्लाट | संपत्ति हस्तां. का माध्यम | हस्तांरणकर्त्ता का नाम-पता | हस्तान्तरिति का नाम-पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 218/07.11.22 | मुशरान | प्लाट | पंजी. बैनामा | शैलेन्द्र चौधरी वगैरह | संदीप मेहरा |
| 2 | 219/07.11.22 | तिलक | भवन | पंजी. बटवारा | राजेश कुमार अग्रवाल | सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल |
| 3 | 220/07.11.22 | संजय | प्लाट | पारि. व्यवस्था | नर्मदा प्रसाद महोबिया | अजय कुमार महोबिया |
| 4 | 22109.11.22 | मुशरान | प्लाट | पंजी. बैनामा | मुकेश जैन वगैरह | आलोक जैन |
| 5 | 222/10.11.22 | किसानी | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | नरेश कुमार प्रजापति | गायत्री प्रजापति |
| 6 | 223/14.11.22 | रानी अवन्ती | प्लाट | पंजी. बैनामा | लता पटैल वगैरह | अनीता कटारे |
| 7 | 224/14.11.22 | तिलक | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | हेमलता राजपूत | ज्योतिरानी राजपूत |
| 8 | 25/14.11.22 | भगत सिंह | प्लाट | पंजी. बैनामा | राजधर दुबे | गणेश प्रसाद श्रीवास |
| 9 | 226/16.11.22 | मुशरान | प्लाट | पंजी. बैनामा | मनीष साहू | हरि प्रसाद गुप्ता |
| 10 | 227/17.11.22 | निरंजन | प्लाट | पंजी. बैनामा | कौशल्या कोष्टी | अभिनेश कोरी |
| 11 | 228/17.11.22 | मुशरान | प्लाट | पंजी. बैनामा | उषा किरण दर्डा | विनीता ठकुर |
| 12 | 229/17.11.22 | महा.लक्ष्मी | प्लाट | पंजी. बैनामा | निर्मल वासवानी वगैरह | आलोक मिश्रा |
| 13 | 230/18.11.22 | रानी अवन्ती | प्लाट | पंजी. बैनामा | शिवम् पटेल | शिवम् त्रिपाठी |
| 14 | 231/18.11.22 | इंदिरा | भवन | पंजी. बैनामा | भागचंद कोष्टी | विनीता जैन |
| 15 | 232/18.11.22 | पटैल | प्लाट | पंजी. दानपत्र | प्रभा अग्रवाल | शशिकांत अग्रवाल |
| 16 | 233/18.11.22 | पटैल | भवन | पंजी. दानपत्र | श्रीकांत अग्रवाल | शशिकांत अग्रवाल |
| 17 | 234/21.11.22 | महा.लक्ष्मी | प्लाट | पंजी. बैनामा | माया अहिरवार | गिरीश कुमार पटेल |
| 18 | 23521.11.22 | शंकराचार्य | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | ओमप्रकाश मिश्रा | भारती मिश्रा |
| 19 | 236/22.11.22 | रानी अवन्ती | भवन | पंजी. बैनामा | शंकरलाल प्रजापति | त्रिवेणी मुडिया |
| 20 | 237/22.11.22 | मुशरान | प्लाट | पंजी. बैनामा | अन्नीलाल लोधी | सलीम खां |
| 21 | 238/22.11.22 | शंकर | भवन | पंजी. बैनामा | रमेश कुमार कोष्टी | कुमारी पुष्पलता गढ़ेवाल |
| 22 | 239/22.11.22 | शंकर | भवन | पंजी. दानपत्र | गणेशराम गढ़ेवाल | रमेश कुमार कोष्टी |
| 23 | 240/23.11.22 | मुशरान | प्लाट | पंजी. बैनामा | श्रीमती इंदिरा नेमा | टीकाराम रजक |
| 24 | 241/23.11.22 | महा.लक्ष्मी | प्लाट | पंजी. बैनामा | निर्मल वासवानी वगैरह | अर्चना गुमास्ता |
| 25 | 242/23.11.22 | महा.लक्ष्मी | प्लाट | पंजी. बैनामा | निर्मल वासवानी वगैरह | मोतीलाल गुमास्ता |
| 26 | 243/23.11.22 | नरसिंह | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | रमेश कुमार श्रीवास्तव | पुष्पा श्रीवास्तव |
| 27 | 244/23.11.22 | नरसिंह | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | रमेश कुमार श्रीवास्तव | अजय कुमार श्रीवास्तव |
| 28 | 245/23.11.22 | मुशरान | प्लाट | पंजी. बैनामा | अजय विजय श्रीमाल | सविता विश्वकर्मा |
| 29 | 246/23.11.22 | पटैल | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | दयाराम सोनी | हेमंत कुमार सोनी |
| 30 | 247/23.11.22 | पटैल | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | दयाराम सोनी | कमलेश कुमार सोनी |
| 31 | 248/23.11.22 | पटैल | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | दयाराम सोनी | विनोद कुमार सोनी |
| 32 | 249/23.11.22 | पटैल | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | दयाराम सोनी | राकेश कुमार सोनी |
| 33 | 250/23.11.22 | भगत सिंह | प्लाट | पंजी. बैनामा | पराग नेमा वगैहरा | सुरभि अग्रवाल |
| 34 | 251/24.11.22 | भगत सिंह | प्लाट | पंजी. बैनामा | मुकेश कुमार जैन | श्रीमती आशा सिंह रजक |
| 35 | 252/24.11.22 | रानी अवन्ती | भवन | पंजी. बैनामा | महेंद्र कुमार कठल | संगीता सोनी |
| 36 | 253/25.11.22 | रानी अवन्ती | प्लाट | पंजी. बैनामा | केदार गुप्ता वगैहरा | मंजुलता जैन |
| 37 | 254/28.11.22 | रानी अवन्ती | प्लाट | पंजी.बैनामा | सरोज तिवारी | सीमा दुबे |
| 38 | 255/28.11.22 | तिलक | प्लाट | पंजी. बैनामा | नर्मदा डेवलपर्स | मयूर तैलंग |
| 39 | 256/28.11.22 | शंकर | भवन | पंजी. बैनामा | राहुल बर्मन | राजेश कश्यप |
| 40 | 257/28.11.22 | महाजनी | भवन | पंजी.बैनामा | सुनील कुमार जैन | चन्द्रकला पटैल |
| 41 | 258/29.11.22 | मुशरान | प्लाट | पंजी. बैनामा | लक्ष्मण सिंह पटैल | शमा अंजुम |
| 42 | 259/29.11.22 | महा.लक्ष्मी | प्लाट | पंजी. बैनामा | निर्मल वासवानी वगैरह | मीना चौधरी |
| 43 | 260/29.11.22 | शंकर | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | टीकाराम काछी | जगदीश प्रशाद कुशवाहा |
| 44 | 261/29.11.22 | शंकर | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | टीकाराम काछी | मुल्लाबाई कुशवाहा |
| 45 | 262/29.11.22 | शंकर | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | टीकाराम काछी | प्रीतम सिंह कुशवाहा |
| 46 | 263/29.11.22 | शंकर | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | टीकाराम काछी | राजेन्द्र कुशवाहा |
| 47 | 264/30.11.22 | किसानी | प्लाट | पंजी. बैनामा | विनायक परिहार | साक्षी अवधिया |
| 48 | 265/30.11.22 | तिलक | प्लाट | पंजी. बैनामा | शोभा कुशमाकर | साहिल जैन |
| 49 | 266/02.12.22 | निरंजन | भवन | पंजी.बैनामा | गंगाबाई यादव | प्रियंक कुमार नेमा |
| 50 | 267/02.12.22 | मुशरान | प्लाट | पंजी.बैनामा | पंकज चौधरी वगैरह | अमित भारद्वाज |
| 51 | 268/02.12.22 | बेलापुरकर | प्लाट | पंजी.बैनामा | गौरीशंकर राय | शुभम बडकुर वगैरह |
| 52 | 269/02.12.22 | शिवाजी | भवन | पंजी. दानपत्र | तासीबाई लोधी | आशीष लोधी |
| 53 | 270/02.12.22 | रानी अवन्ती | प्लाट | पंजी. बैनामा | वीरेन्द्र पाण्डेय | गनेश प्रसाद भनारिया |
| 54 | 271/05.12.22 | पटैल | प्लाट | पारि.व्यवस्था | विनय श्रीवास्तव | बृजमोहन श्रीवास्तव |
| 55 | 272/05.12.22 | मुशरान | प्लाट | पंजी. बैनामा | विजय लोधी | मोहम्मद खलील खान |
| 56 | 273/05.12.22 | नेहरू | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | नवाब खान | मजीद खान |
| 57 | 274/05.12.22 | नेहरू | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | नवाब खान | अबरार खान बगैरह |
| 58 | 275/05.12.22 | भगत सिंह | प्लाट | पंजी. बैनामा | रूपचंद यादव | रुकमणि रजक |
| 59 | 276/05.12.22 | भगत सिंह | भवन | पंजी. बैनामा | रुकमणि रजक | सुधा पटेल |

## मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरसिंहपुर

## रातापानी में आज से जंगल सफारी शुरू

# यहां 45 बाघ, 300 तेंदुए और 10 हजार से ज्यादा शाकाहारी

**भोपाल, यशभारत।** रातापानी सेंचुरी में आज से पर्यटक और वन्य प्राणी पहली बार एक-दूसरे से रूबरू होंगे। यहां मंगलवार से जंगल सफारी शुरू हो गई है। प्रदेश में 25 और देशभर में 565 सेंचुरी हैं, जिनमें जंगल सफारी और नेचुरल ट्रेल शुरू कराने वाली रातापानी देश की पहली सेंचुरी बन गई है। इससे रातापानी सेंचुरी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। सुबह 7 बजे वन मंत्री विजय शाह ने झिरी गेट पर सफारी वाहनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने जंगल सफारी भी की । अधिकारियों का कहना है कि जंगल सफारी पर्यटकों के लिए रोमांचक होगी। दरअसल यहां के वन्य प्राणी अभी तक इंसानों की नजर से दूर (अनसीन) है। पर्यटक पहली बार इनसे रूबरू होंगे और इन्हें अपने कैमरे में कैप्चर कर सकेंगे। इसके पहले ये वन्य प्राणी केवल ट्रैप कैमरे में ही कैप्चर होते थे। अधिकारियों ने बताया कि सफारी के लिए यहां एक महीने से ट्रैकिंग ट्रायल चल रहा था। यहां के वन्य प्राणी इंसानों की उपस्थिति से घबराकर और शरमाकर तुरंत छिप जाते हैं। इन्हें इंसानों की उपस्थिति रास आने में थोड़ा समय लगेगा।30 किमी चूना भट्टी से झिरी की दूरी तकरीबन40 किमी भोपाल से देलाबाड़ी की दूरी 4280 रुपए खर्च झिरी गेट से सफारी पर 20 किमी की एडवेंचर ट्रेल होगी देलाबाड़ी में



### वन्य प्राणियों को पहली बार पास से देख सकेंगे पर्यटक

यह भी देख सकेंगे- देलाबाड़ी में गिन्नौर गढ़ का किला, झिरी में कैरी महादेव का मंदिर, ऊँ आकार की पहाड़ी और नेचुरल पानी के स्रोत

#### सफारी के लिए 15 दिसंबर से लोग कर सकेंगे ऑनलाइन बुकिंग

रातापानी सेंचुरी में सफारी के लिए झिरी का 40 किमी का सफारी ट्रैक बनाया है। यहां पर्यटकों को 6 सफारी वाहन मिलेंगे। वहीं नेचर ट्रेल के साथ एडवेंचर के शौकीन लोग 20 किमी की देलाबाड़ी रेंज में सफारी कर सकेंगे। यहां 2 सफारी वाहन हैं। अभी सफारी के लिए बुकिंग पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर होगी। वहीं 15 दिसंबर से यहां पर ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो जाएंगी।

#### दोनों रेंज में सफारी में लगेंगे 3 से 4 घंटे, पैदल यात्रा भी कराई जाएगी

जंगल सफारी के लिए झिरी गेट से 4280 रुपए, जबकि देलाबाड़ी गेट से 3830 रुपए शुल्क लगेगा। इन रूटों पर सफारी करने में? 3 से 4 घंटे का समय लगेगा। यहां पर्यटकों को पैदल यात्रा भी कराई जाएगी। इस दौरान वे महुआ, बांस, सागौन जैसे पेड़ों के साथ बाघ, तेंदुआ, सांभर, चीतल, विशेष प्रजाति की तितलियां और वाटरफॉल समेत चेकडेम व शैलचित्रों को नजदीक से देख सकेंगे।

#### दो रेंज में शुरू हो रही है...

डीएफओ (औबेदुल्लागंज) विजय कुमार ने बताया कि दो रेंज में सफारी शुरू की जा रही है। यहां पर पर्यटकों को 45 बाघ, 300 तेंदुए, 10 हजार से ज्यादा चीतल, सांभर, नील गाय सहित अन्य वन्य प्राणी और कई प्रजाति के फर्न और फ्लोरा देखने को मिलेंगे।



वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर

# 24 दिन बाद 15 डिग्री के पास पहुंचा पारा, फिर भी कम नहीं हुई ठंड

**भोपाल, यशभारत।** उत्तर भारत में पहुंचे वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर होने से शहर में मौसम बदल गया। रात का तापमान 15 डिग्री के करीब 14.8 डिग्री पर पहुंच गया। यह 24 दिन बाद शहर में रात का सबसे ज्यादा तापमान है। इससे पहले 11 नवंबर को रात का तापमान इससे ज्यादा 17.5 डिग्री दर्ज किया गया था। 24 घंटे में रात के तापमान में 1.4 डिग्री का इजाफा हुआ। इसके बावजूद रात में ठंड कम नहीं हो सकी। सुबह धुंध और बादल छाए रहे। सुबह 6¬30 बजे से सुबह 11¬30 बजे तक लगातार साढ़े 4 घंटे शहर धुंध और कुहासे के साए में रहा। इस दौरान विजिबिलिटी 2500 मीटर से 3000 मीटर के बीच रही।

#### 2 दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

3000 मीटर की ऊंचाई पर बादल भी छाए थे। इस कारण रात के तापमान में इजाफा हुआ। दिन का तापमान 28.4 डिग्री दर्ज किया गया। रविवार के मुकाबले इसमें 0.5 डिग्री की गिरावट हुई। साहा ने बताया कि अभी 2 दिन मौसम ऐसा ही रहने की संभावना है, फिर रात के तापमान में गिरावट आ सकती है।

## एलबीएस अस्पताल के संचालक से लाखों की ठगी का प्रयास

**भोपाल, यशभारत।** राजधानी के एलबीएस अस्पताल के संचालक को डरा-धमकाकर 10 लाख रुपये की अड़ीबाजी का मामला सामने आया है। अड़ीबाजी करने वाले सीहोर निवासी एलम सिंह परमार और देवनारायण रघुवंशी को पुलिस ने सोमवार देर रात गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपितों ने अड़ीबाजी के लिए स्पूफिंग काल के जरिए मुख्यमंत्री निवास और मुख्य सचिव कार्यालय के लैंडलाइन नंबरों का इस्तेमाल किया था, जिसकी शिकायत पुलिस आयुक्त मकरंद देउस्कर से की गई थी ।पुलिस उपायुक्त अमित कुमार ने बताया कि आरोपितों द्वारा अमेरिका व चीन सहित अन्य विदेशी सर्वर के जरिए मुख्यमंत्री निवास एवं मुख्य सचिव कार्यालय के लैंडलाइन नंबर का इस्तेमाल कर अस्पताल संचालक को स्पूफिंग काल की गई थी। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त शैलेंद्र सिंह चौहान के निर्देशन में गठित टीमों ने यह जानकारी जुटाने के बाद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों द्वारा अस्पताल के संचालक को तरह-तरह की धमकी एवं अनियमितताओं का हवाला देकर 10 लाख रुपये मांगे जा रहे थे। पूछताछ में पता चला है कि आरोपितों ने साइबर धोखाधड़ी कर फर्जी तरीके से लैंडलाइन नंबर का इस्तेमाल करने की बाकायदा ट्रेनिंग प्राप्त की थी। इसके लिए उन्होंने भोपाल नाका सीहोर में किराए का कमरा लेकर कुछ लोगों से प्रशिक्षण प्राप्त किया था। पुलिस द्वारा मंगलवार को आरोपितों को कोर्ट प्रस्तुत किया जाएगा।




## मैरिज गार्डन में मेहमान बनकर पहुंचा चोर

# फोटो खिंचाया और दुल्हन का पर्स लेकर हुआ गायब

**भोपाल, यशभारत।** अगर आप शादी समारोह में जा रहे हैं तो थोड़े सावधान हो जाएं, क्योंकि आप चोरों के टारगेट पर हैं। शादी समारोह में एक बार फिर चोरी की घटना सामने आई है। इस बार चोर दुल्हन का पर्स ही चोरी कर ले गया, जिसमें नाक की नथ, रुपए व कुछ अन्य गहने भी थे। चोर बाकायदा मेहमान बनकर शादी समारोह में पहुंचा था, यहां उसने स्टेज पर रिश्तेदारों के साथ फोटो भी खिंचवाया लेकिन किसी को पता नहीं लगा। चोर पर्स चोरी कर भाग गया, इसके बाद जब पर्स गायब दिखा तब लोगों ने ढूंढा। यह घटना उपनगर ग्वालियर क्षेत्र में स्थित मैरिज गार्डन की है। ग्वालियर थाना पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर ली है। बहोड़ापुर स्थित हरिहर नगर के रहने वाले सूरज पुत्र मदन प्रजापति अकाउंटेंट हैं और निजी फर्म में काम करते हैं। बीते रोज उपनगर ग्वालियर के लधेड़ी इलाके में स्थित गणेशी मैरिज गार्डन से उनकी शादी थी। बारात चढ़ने के बाद सूरज और उनकी पत्नी स्टेज पर पहुंचे। यहां वरमाला कार्यक्रम होने के बाद रिश्तेदारों के साथ दूल्हा और दुल्हन फोटो खिंचवा रहे थे। इसी दौरान दुल्हन ने अपना बैग स्टेज के बगल में रखी कुर्सी पर रख दिया। यहां से पर्स चोरी हो गया। पर्स में दस हजार रुपए, नाक की सोने की नथ, मोबाइल व कुछ अन्य गहने थे। कुछ देर बाद जब पर्स गायब दिखा, तब यहां अफरा-तफरी मची। लोगों ने पर्स ढूंढना शुरू किया, लेकिन पर्स नहीं दिखा। ग्वालियर थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि मैरिज गार्डन में लगे सीसीटीवी कैमरे और वीडियो रिकार्डिंग कर रहे कैमरामेन के कैमरे देखे तो उसमें चोर नजर आया। वह मेहमान बनकर आया था। दो बार स्टेज पर गया। एक बार उसने रिश्तेदारों के साथ खड़े होकर फोटो भी खिंचवाई। वह घूमता रहा और इसके बाद कुर्सी पर रखा पर्स चोरी कर ले गया। इन लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद एफआइआर दर्ज की गई। मैरिज गार्डन के अंदर गहने, पर्स चोरी होने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसके अलावा मैरिज गार्डन के बाहर वाहन चोर सक्रिय हैं। अंदर से रुपए और गहने, बाहर से वाहन चोरी हो रहे हैं लेकिन पुलिस चोरों को रोकने में नाकाम है।

## मप्र हज कमेटी के अध्यक्ष का चुनाव आज

### 12 सदस्यों में विधायक आरिफ मसूद भी

**भोपाल, ईएमएस।** नवगठित मध्यप्रदेश राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष के इलेक्शन आज हो रहे हैं। 3 घंटे चलने वाली प्रोसेस में कमेटी के अध्यक्ष का फैसला हो जाएगा। कमेटी में शामिल किए गए 12 सदस्यों में भोपाल से विधायक आरिफ मसूद भी शामिल हैं। ऐसे में उनकी दावेदारी को लेकर भी चर्चा है। हालांकि, उनका कहना है कि वे दावेदारी नहीं करेंगे। ऐसे में किसी अन्य सदस्य को अध्यक्ष की कुर्सी मिल सकती है ।मसूद भोपाल मध्य विधानसभा से कांग्रेस विधायक हैं। उनके अलावा भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, रतलाम, छतरपुर, भिंड, कटनी, श्योपुर, सिंगरौली और सीहोर से भी एक-एक सदस्य बनाए गए ।12 सदस्यों की कमेटी में मसूद एकमात्र विधायक हैं और कांग्रेस का प्रमुख चेहरा है। ऐसे में उनकी प्रमुख दावेदारी मानी जा रही है। हालांकि, विधायक चुनाव लड़ने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने उप संचालक डॉ. नीलेश देसाई को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। मीटिंग और चुनावी प्रक्रिया हज हाउस ग्राम सिंगारचोली गुलमोहर गार्डन के पीछे एयरपोर्ट रोड स्थित हज हाउस में होगी। कमेटी में ये सदस्य बनाए गएसरकार ने मध्यप्रदेश राज्य हज कमेटी में सदस्यों की नियुक्ति की है। इनमें भोपाल के मध्य विधानसभा क्षेत्र से विधायक आरिफ मसूद, इरशाद मेव रतलाम, बिलाल अली छतरपुर, इरफान खान ग्वालियर, काजी फुरकान भिंड, हैदर अली महूवाला इंदौर, मेहमूद खान कटनी, आमिर बक्श भोपाल, रफत वारसी श्योपुर, रोजेना कुरैशी जबलपुर, जम्मू बेग सिंगरौली और शबाना अंजुम सीहोर शामिल हैं।

## खुशीलाल आयुर्वेद महाविद्यालय में मिलेगी पंचकर्म उपचार की सुविधा

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 50 बेड का पंचकर्म अस्पताल का किया शुभारंभ!

**भोपाल यशभारत ।** देश में सबसे अच्छे पंचकर्म की सेवा देने वाली संस्थाओं की सूची में भोपाल के पं. खुशीलाल आयुर्वेद शासकीय चिकित्सालय का नाम भी शामिल हो गया है। किसी पांच सितारा होटल की सुविधाओं जैसा भोपाल के पंचकर्म सेंटर को अपडेट किया गया है। यहां पर केरल की तर्ज पर थैरेपिस्ट पंचकर्म करेंगे। कलियासोत डैम के पास देश का पहला सरकारी पंचकर्म एंड वेलनेस सेंटर बनकर तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को सुबह 10 बजे इस सेंटर का उद्घाटन किया। पंचकर्म एंड वेलनेस सेंटर में कुल 50 बेड हैं। इनमें सेमी प्राइवेट वार्ड, डीलक्स रूम और पांच सितारा होटल की तरह सुपर डीलक्स रूम बनाए गए हैं। डीलक्स रूम में सिंगल और डबल बेड के साथ ही अटेंडर के रुकने की भी व्यवस्था रहेगी।



#### पंचकर्म कराने के लिए तैयार पैकेज के दाम

सेमी प्राइवेट वार्ड : 700 रुपये प्रतिदिन (इसमें भोजन शामिल नहीं)डीलक्स रूम : 3500 रुपये प्रतिदिन (भोजन, रुकने से लेकर पंचकर्म सहित) सुपर डीलक्स रूम: 4900 रुपये प्रतिदिन (भोजन, रुकने से लेकर पंचकर्म सहित)

#### इन पैकेजों के तहत होगा उपचार

च्वेट मैनेजमेंटज्ज में मोटापे से छुटकारा पाने की चाह रखने वाले को उदवर्तन, रुक्षश्वेद थैरेपी दी जाएगी। योगा, मेडिटेशन भी सिखाया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्पाइन एंड ज्वाइंट केयर, पैरालिसिस मैनेजमेंट एंड रिहैबिलिटेशन, स्किन एंड ब्यूटी केयर, जीरियाटिक केयर और हृदय रोग, बीपी, शुगर, थायराइड और मोटापे जैसी बीमारियों से मुक्त रखने के लिए योगा, डाइट प्लान और बीमारी के मुताबिक थेरेपी दी जाती है।

#### ऐसा है तीन मंजिला पंचकर्म सेंटर

भूतल में चिकित्सक ओपीडी चेंबर, पैथालाजी, बायोकेमिस्ट्री, अल्ट्रा सोनोग्राफी की सुविधाएं जुटाई गई हैं। जबकि प्रथम तल पर आठ डीलक्स रूम, पंचकर्म यूनिट, जखूजी, सोना बाथ, स्टीम चैंबर, द्वितीय तल पर छह डीलक्स रूम पंचकर्म यूनिट, नर्सिंग ड्यूटी रूम। तृतीय तल पर छह डीलक्स रूम, सुपर डीलक्स रूम, सेमी प्राइवेट वार्ड (मेल, फीमेल), पंचकर्म यूनिट।

## आईसीएसइ और आईएससी की 10वीं व 12वीं की परीक्षा का टाइम टेबल जारी

भोपाल, यशभारत। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन सीआईएससीईद्ध ने 10वीं आईसीएसइद्ध और 12वीं आईएससी की वर्ष 2023 की परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी कर दिया। टाइम टेबल ऑफिशियल वेबसाइट पर अपलोड किया हैं। जारी किए गए समय के अनुसार पहले 12वीं ;आईएससी की परीक्षाएं शुरू होगी। इसके बाद 10वीं आईसीएस की परीक्षा शुरू होगी। कक्षा 10वी की परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू होकर 29 मार्च को समाप्त होगी। परीक्षा की अवधि दो घंटे रहेगी। लेकिन परीक्षा का समय सुबह 11 और कुछ दिन सुबह 9 बजे से रहेगा। कक्षा दसवीं की परीक्षा अंग्रेजी के पेपर से शुरू होकर जीव विज्ञान के पेपर के साथ समाप्त होगी। वहीं कक्षा 12वीं की परीक्षा 13 फरवरी से शुरू होकर 31 मार्च को समाप्त होगी। पहला पेपर अंग्रेजी का होगा। परीक्षा का समय तीन घंटे रहेगा ।

# प्रदेश के जनजाति बहुल जिलों में पीजी कालेज होंगे शुरू

**भोपाल ईएमएस।** प्रदेश के ऐसे जनजातीय बहुल जिले जहां पर स्नातकोत्तर महाविद्यालय नहीं हैं, ऐसे क्षेत्रों में पीजी कालेज शुरू किए जाएंगे। यह निर्देश उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव ने सोमवार को उच्च शिक्षा विभाग के विभागीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिए। उन्होंने उमरिया जिले में भी स्नातकोत्तर पढ़ाई के लिए महाविद्यालय प्रारंभ करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में हमें उच्च शिक्षा के लिए भविष्य की रणनीति बनाना आवश्यक है। जहां पर निर्माण कार्यों की आवश्यकता है, उनको चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार करें। आवश्यकता के अनुरूप महाविद्यालयों का निर्माण कार्य हो। मंत्री ने महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों की निगरानी के लिए सेल का गठन करने के निर्देश दिए। इस सत्र 2022-23 में 10 नए व्यवसायिक विषय प्रारंभ किए गए। इसमें फैशन डिजाइनिंग, एग्री मार्केटिंग, कैटरिंग मैनेजमेंट, बेकरी एवं कंफेक्शनरी, हास्पिटलिटी एंड कैटरिंग मैनेजमेंट, प्लांट डिजीजेस एंड प्रोटेक्शन, मृदा विज्ञान एवं उर्वरक और सूचना प्रौद्योगिकी शामिल हैं। बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव शैलेंद्र सिंह, आयुक्त कर्मवीर शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।जनभागीदारी समिति के अध्यक्षों के लिए होगी कार्यशाला उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव ने निर्देश दिए हैं कि जनभागीदारी अध्यक्षों के लिए कार्यशाला आयोजित की जाए। उन्होंने कहा कि समिति के अध्यक्षों के साथ संबंधित कालेज के प्राचार्य को भी कार्यशाला में आमंत्रित करें। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में महाविद्यालयों के विकास के लिए आवश्यक अपेक्षाओं संबंध में प्रशिक्षण दिए जाए। बता दें कि मध्यप्रदेश के 462 शासकीय महाविद्यालय में से 314 शासकीय महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति अध्यक्षों का मनोनयन किया जा चुका है। 33 शासकीय महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति अस्तित्व में नहीं है। उच्च शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिए कि इन महाविद्यालयों में भी शीघ्र जनभागीदारी समिति गठित की जाए ।



# मध्य प्रदेश में चार बड़ी कंपनियां करेंगी 7775 करोड़ का निवेश

**भोपाल यशभारत।** प्रदेश में चार बड़ी कंपनियां 7775 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। इससे 5350 लोगों को रोजगार मिलेगा। यह जानकारी निवेशकों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से सोमवार को निवास पर समत्व भवन में मुलाकात कर दी। निवेशकों ने अपने-अपने निवेश प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष रखे।चार प्रमुख निवेश कंपनियों के प्रमुखों ने बताया कि इंडियन फास्फेट लिमिटेड 200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। ग्रीनको नीमच जिले के गांधी नगर में 7200 करोड़ रुपये, आइटीसी कंपनी सीहोर जिले के औद्योगिक क्षेत्र बढ़ियाखेड़ी में 250 करोड़ रुपये और मेसर्स सिद्धायु लाइफ साइंसेज (वैद्यनाथ) छिंदवाड़ा जिले के खैरीटैगांव में 125 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि निवेश की दृष्टि से मध्य प्रदेश एक आदर्श राज्य बना है। राज्य सरकार की नीतियों के अनुरूप निवेशकों को पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस दौरान औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह और मध्य प्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (एमपीआइडीसी) के एमडी मनीष सिंह भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री से मेसर्स ग्रेस वेंचर प्राइवेट लिमिटेड (इंडो रामा लि. का प्रतिष्ठान) के कार्यकारी निर्देशक विशाल लोहिया और अनुपम सिंघानिया ने भी मुलाकात कर प्रदेश में निवेश की इच्छा व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को जनवरी माह में इंदौर में हो रही ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित किया।

**5350 लोगों को मिलेगा रोजगार**

# आदिवासियों का धर्मांतरण रोकेगा संघ

## हिंदू त्योहारों पर गांव का माहौल कैसा होता है, फीडबैक भी लिया

**भोपाल, यशभारत। आरएसएस का सहयोगी संगठन विद्याभारती मध्यप्रदेश के आदिवासी इलाकों में धर्म जागरण, सामाजिक समरसता और शैक्षणिक गतिविधियों की जमीनी हकीकत पर आंतरिक रिपोर्ट तैयार करा रहा है। ताकि आदिवासियों के धर्मांतरण को रोकने और उनमें आध्यात्मिक जागरण का रोडमैप तैयार किया जा सके।**

हाल ही में विद्याभारती की सहयोगी संस्था जनजातीय क्षेत्र की शिक्षा के माध्यम से संस्कार केंद्र कार्य अवलोकन अभियान चलाया गया। इस अभियान से संघ के बड़े पदाधिकारी खुद आदिवासी आबादी के बीच इन संस्कार केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे और दो दिन उसी गांव में ठहरे। मध्यभारत प्रांत के जिलों में यह कार्यक्रम 15 से 30 नवंबर के बीच किया गया। कुछ जिलों में यह अभियान अभी चल ही रहा है।आदिवासी बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग और औद्योगिक ट्रेनिंग दिलाने के लिए एमपी नगर में वनवासी कल्याण परिषद के कौशल विकास केंद्र का नवीन भवन बनकर तैयार हो गया है। 11 दिसंबर को आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले इसका लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह समेत योगेश बापट भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अभियान में जनजातीय संस्कार केंद्र वालों गांवों में संघ पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से सामाजिक सरोकार से जुड़े विषयों के बारे में फीडबैक लिया। इनमें गांवों में सामाजिक समरसता, धर्मजागरण, हाल ही में हुए धर्मांतरण, हिंदू त्योहारों पर गांव के माहौल, स्वच्छता से जुड़े कामकाज का ब्यौरा पूछा गया। आदिवासी गांवों में 48 घंटे बिताकर लौटे संघ पदाधिकारियों ने गांववार अपना-अपना फीडबैक विद्याभारती को दिया है। इसी के आधार पर विस्तृत आंतरिक रिपोर्ट तैयार हो रही है। सूत्रों के मुताबिक इसे सार्वजनिक नहीं किया जाएगा, लेकिन यह रिपोर्ट आदिवासी अंचल में संघ और विद्याभारती की गतिविधियों के रोडमैप का आधार होगी।



#### प्रदेश में 1500 से अधिक संस्कार केंद्र

मध्यप्रदेश की तीनों प्रांत मालवा, महाकौशल और मध्यभारत में 1500 से अधिक जनजातीय संस्कार केंद्र चल रहे हैं। विद्याभारती के अंतर्गत जनजातीय शिक्षा के मध्यभारत प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख रुपसिंह लोहाने ने बताया कि मध्यभारत में के जिलों में 456 संस्कार केंद्र चलाए जा रहे हैं।इनमें सर्वाधिक रायसेन, नर्मदापुरम, हरदा और बैतूल जिलों में हैं। इन सभी में केंद्र अवलोकन पूरा हो चुका है। गौरतलब है कि इन संस्कार केंद्रों में सिर्फ एक ही शिक्षक होता है, जो प्राथमिक कक्षाओं के आदिवासी बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ सामाजिक जागरुकता के कार्यक्रम संचालित करता है।

# वाह! क्या भौकाल है... नेमार जूनियर का गोल देखकर आंखों पर यकीन नहीं होगा

दोहा, एजेंसी। कहते हैं दिन खराब हो तो कुछ भी ठीक नहीं होता है। कुछ ऐसा ही देखने को मिला फीफा वर्ल्ड कप 2022 के प्री-क्वॉर्टर फाइनल में साउथ कोरिया टीम के साथ। उसे सूरमा खिलाड़ियों से भरी ब्राजील से 4-1 से हार मिली। गोलकीपर एस. किम के लिए यह दिन काफी बुरा रहा। विनि जूनियर ने 7वें मिनट में गोल दागा तो नेमार जूनियर ने 13वें मिनट में गेंद जाल में उलझाकर अपना खाता खोला। इसके बाद रिचर्लिसन और लुकास पैक्वेता ने भी गोल लगाए। दूसरी ओर, साउथ कोरिया की ओर से पैक सॉन्ग हो ने इकलौता गोल 76वें मिनट में किया था।







## नेमार ने रोनाल्डो और पेले का रिकॉर्ड बराबर किया

इसके साथ ही नेमार जूनियर ने अपने देश के महान रोनाल्डो और पेले के एक खास रिकॉर्ड की बराबरी की है। रोनाल्डो और पेले के नाम 3 अलग-अलग फीफा वर्ल्ड कप के एडिशन में गोल दागे थे। अब इस खास रिकॉर्ड लिस्ट में नेमार भी एंट्री हो गई है।

## नेमार ने बड़ी चतुराई से दागा गोल

स्टेडियम में 974 में खेले गए मैच में नेमार जूनियर ने जो गोल दागा वह पेनल्टी पर लगाया गया था। साउथ कोरिया के गोलकीपर किम तेज तर्रारा किक की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन नेमार ने बड़ी चुतराई से उन्हें छका दिया। नेमार ने तेज रफ्तार से दौड़ लगाई, लेकिन गेंद के पास आते ही रुक से गए। इसके बाद उन्होंने हल्के से गेंद को धकेल भर दिया, जबकि गोलकीपर ने गेंद की उल्टी दिशा में अपनी बाईं ओर छलाग लगाई।

## कूद-कुदकर मनाए जश्न

गेंद जाल में उलझते ही नेमार और ब्राजील के खिलाड़ी जश्न में डूब गए। सभी कूद-कूदकर जश्न मनाने लगे। उनका जश्न देखते बन रहा था। इससे पहले 7वें मिनट में विनि ने गोल लगाकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई थी, जबकि नेमार के टूर्नामेंट में पहले गोल से बढ़त 2-0 की हो गई। इसके बाद रिचर्लिसन ने टीम के लिए 23वें मिनट में गेंद गोलपोस्ट में भेजा। टीम का आखिरी गोल लुकास पैक्वेता ने 36वें मिनट में लगाया। ऐसा लग रहा था कि ब्राजील की ओर से दूसरे हाफ में भी इसी तरह की गोलों की बरसात देखने को मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। साउथ कोरिया के डिफेंस ने अच्छा खेल दिखाया, लेकिन वे करारा जवाब नहीं दे सके। टीम के लिए इकलौता गोल पैक सॉन्ग हो ने इकलौता गोल 76वें मिनट में दागा। इस तरह से ब्राजील की टीम क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचने में कामयाब रही।

# पाकिस्तान की हार से टीम इंडिया को फायदा, अब कुछ ऐसा है फाइनल में पहुंचने का समीकरण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बेन स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लैंड ने मेजबान पाकिस्तान को पहले टेस्ट में 74 रन से हराया। हाईस्कोरिंग मैच में दूसरी बल्लेबाजी कर रही पाकिस्तानी टीम को जीत के लिए 343 रन की दरकार थी। मगर अनुभवी पेसर जेम्स एंडरसन और ओली रॉबिन्सन ने 4-4 विकेट लेकर तहलका मचा दिया। इस धमाकेदार मैच के बाद वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पॉइंट्स टेबल में बड़ा बदलाव हुआ है। कई उलटफेर देखने को मिले हैं। पाकिस्तान की हार के बाद भारत के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को भी ताकत मिली है। भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के 2019-21 चक्र में उपविजेता रहा था। पिछले साल साउथेम्प्टन के रोज बाउल में न्यूजीलैंड से आठ विकेट से हार गया था।



## पाक की हार से भारत को क्या फायदा?

भारत को अभी मौजूदा ड्ड्रञ्जष्ट चक्र में छह मैच और खेलने हैं। बांग्लादेश दौरे पर दो टेस्ट होंगे तो अगले साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया चार टेस्ट खेलने आएगी। फिलहाल भारत 52.08 के जीत प्रतिशत के साथ पाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर है, जबकि श्रीलंका 53.33 के जीत प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। फाइनल में पहुंचने के लिए भारत को बांग्लादेश को क्लीन स्वीप करना होगा। साथ ही साथ कोशिश करनी होगी कि ऑस्ट्रेलिया को चार में से तीन मैच में पटखनी दी।

## ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका तगड़े दावेदार

यदि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की मौजूदा स्थिति को देखा जाए तो ऐसा लगता है कि अगले समर सीजन ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका द ओवल में फाइनल में भिड़ सकते हैं। दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया को तीन टेस्ट के लिए साउथ अफ्रीका की मेजबानी करनी है। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल वेस्टइंडीज से घरेलू टेस्ट सीरीज कर रहा है। पहला टेस्ट 164 रन से जीतने के बाद दूसरे टेस्ट में क्लीन स्वीप करना चाहता है। दक्षिण अफ्रीका अगर ऑस्ट्रेलियाई को तीन में से दो टेस्ट हरा देता है तो फाइनल पहुंच जाएगा।

## पाकिस्तान की उम्मीदों को लगा झटका

इस सीरीज से पहले पाकिस्तान 2023 में डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने के दावेदारों में से एक माना गया था, लेकिन इंग्लैंड से हारने का मतलब उम्मीदों पर पानी फिरना है। पाकिस्तान अब डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में पांचवें स्थान पर नजर आ रहा है। इस हार के बाद पाकिस्तानी टीम को इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट और फिर स्वदेश में ही न्यूजीलैंड की मेजबानी करनी है। उस सीरीज में भी दो टेस्ट खेले जाने हैं।

# अपनी ही टीम के खिलाफ गोल दाग बैठा मेसी का सूरमा, कौन है ये अर्जेंटीना का विलेन



**अल रेयान (कतर), एजेंसी।** क्रिकेट में कैच छोड़ने से कहीं अधिक फुटबॉल में उस खिलाड़ी को अपराधी माना जाता है, जो अपनी ही टीम के खिलाफ गोल दाग बैठे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में कुछ ऐसा ही हुआ अर्जेंटीना के एंजो फर्नांडिज के साथ। लियोनेल मेसी की कप्तानी वाली अर्जेंटीना टीम ने प्री-क्वॉर्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-1 की जीत के साथ क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। हालांकि, इस मैच में दागे गए तीनों गोल अर्जेंटीना के ही खिलाड़ियों के नाम रहे। यानी ऑस्ट्रेलिया के पास जो एक गोल रहा वह भी उसके खिलाड़ी ने नहीं मारा था। मैच के दूसरे हाफ में क्रैग गुडविन ने डी के बाहर से किक लगाई और एंजो फर्नांडिज ने उसे रोकने की पूरी कोशिश की, लेकिन गेंद उन्हें छूकर गोलपोस्ट में जा समाई। इस तरह से उनसे उनकी टीम के खिलाफ गोल हो गया। यहां ऑस्ट्रेलिया के लिए भी मौका बना, लेकिन वह इस गोल का फायदा नहीं उठा सका। फाइनल ऑस्ट्रेलिया को हार मिली और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गया। अर्जेंटीना के लिए पहले लियोनेल मेसी ने मैच के 35वें मिनट और जुलियन अल्वारेज ने 57वें मिनट में गोल दागे थे, जिससे उसके पास 2-0 की बढ़त थी। जब गुडविन से आत्मघाती गोल हुआ तो स्कोर 2-1 हो गया, जो मैच खत्म होने तक बरकरार रहा। मेसी के नाम अब 3 गोल हो गए हैं और वह गोल्डन बूट की दौड़ में बने हुए हैं।

## ग्राहम अर्नोल्ड ने की ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर्स की तारीफ

दूसरी ओर, मैच के बाद ऑस्ट्रेलिया के मैनेजर ग्राहम अर्नोल्ड ने अपने खिला?ियों की जमकर प्रशंसा की। अर्नोल्ड ने कहा, 'मेरे और देश के लिए हर किसी ने जो प्रयास किया है, उस पर मुझे गर्व है। उन्होंने अछा खेला, यह उनका साढ़े चार साल का सफर रहा है। यह एक कठिन यात्रा रही है। हमें लगता है कि हमें इससे कुछ और मिल सकता था। अर्नोल्ड ने कहा कि उनके खिलाड़ी फुटबॉल के शोपीस टूर्नामेंट के क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई टीम बनने से चूकने से खुश और निराश दोनों हैं। उनकी टीम 2006 के बाद पहली बार अंतिम-16 में पहुंची थी और विश्व कप में दो लगातार मैच जीतने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई टीम बनी थी।

# तो मलाइका अरोड़ा नहीं होतीं छैया छैया गाने में, फराह खान ने बताया शिल्पा शेट्टी थीं इसके लिए पहली पसंद

मुंबई, एजेंसी। शाहरुख खान की फिल्म दिल से का सॉन्ग छैया छैया तो याद ही होगा आपको। इस गाने पर मलाइका अरोड़ा का डांस आज भी फैंस को थिरकने पर मजबूर करता है। हाल ही में फराह खान ने बताया है कि छैया छैया गाने के लिए मलाइका अरोड़ा नहीं, शिल्पा शेट्टी उनकी पहली पसंद थीं। मणिरत्नम ने बॉलीवुड को एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। इनमें दिल से, गुरु, रोजा और पोन्नियन सेलवन जैसी फिल्मों का नाम शामिल है। एक बार फिर दिल से का नाम सुर्खियों में आ रहा है। इस फिल्म का गाना छैया छैया आज भी फैंस के दिलों पर राज कर रहा है। गाने की कोरियोग्राफर फराह खान ने हाल ही में इससे जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है। फराह खान ने कहा कि 1988 में आई दिल से के गाने छैया छैया के लिए मलाइका अरोड़ा उनकी पहली पसंद नहीं थीं। फराह खान जल्द ही मलाइका अरोड़ा के आने वाले शो मूविंग इन विद मलाइका में गेस्ट के तौर पर नजर आने वाली हैं। शो में डायरेक्टर नब्बे के दशक के गानों के बारे में कई राज खोलने वाली हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक फराह ने छैया छैया गाने को लेकर बताया कि उन्होनें इस गाने के लिए शिल्पी शेट्टी को पसंद किया था लेकिन उन्हें ट्रेन पर चढ़ने से डर लगता है। इसके बाद वह शिल्पा शिरोडकर और 2-3 एक्ट्रसेस को इस गाने का ऑफर दिया। लेकिन किसी ने भी ट्रेन पर चढ़कर डांस करने के लिए हामी नहीं भरी।





## मलाइका अरोड़ा का नया शो

मलाइका अरोड़ा अपने नए शो के साथ ओटीटी पर एंट्री करने वाली हैं। मूविंग इन विद मलाइका में एक्ट्रेस और खुलकर सामने आने वाली हैं। फैंस से लेकर हेटर्स तक, मलाइका सब के सामने अपनी जिंदगी का हर पहलू रखना चाहती हैं। इस शो में फराह खान और करीना कपूर खान जैसे उनके कुछ खास दोस्त मेहमान के तौर पर शिरकत करते नजर आ सकते हैं। हालांकि अभी इस बात की कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं दी गई है। मूविंग इन विद मलाइका (Moving In With Malaika) शो को लेकर एक्ट्रेस ने बताया कि इस शो में मेरी पर्सनल लाइफ और डिवॉर्स तक की बातें भी होंगी। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा, आजतक दुनिया मुझे सोशल मीडिया के जरिए देखती आई है। मैं उन्हें खुद से रूबरू कराना चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि मेरे फैंस मेरी दुनिया में आएं और मुझे और करीब से जाने।

## कैसे हुआ मलाइका का सिलेक्शन?

फराह खान ने बताया कि जब वो इस गाने की हिरोइन का नाम तलाश रही थीं तब उनके मेकअप मैन ने याद दिलाया कि मलाइका काफी अछा डांस करती हैं। एक्ट्रेस को गाने का ऑफर दिया गया लेकिन उनके ट्रेन पर चढ़ते ही फराह की सांसे चढ़ने लगी। वह डरी हुई थीं कि एक्ट्रेस ट्रेन से ऊपर स्टेप्स सही से कर पाएंगी या नहीं। हालांकि मलाइका ने जिस तरीके से पूरा शॉट दिया, उसकी चर्चा तो आज भी लोग करते हैं।



# कपिल के शो में सिद्धू के बाद छिनने जा रही अर्चना सिंह की कुर्सी, आखिर किससे है खतरा?

**मुंबई,ईएमएस।** हंसी और ठहाकों का डोज देने वाला द कपिल शर्मा शो का जादू दर्शकों के सिर चढ़कर बोलता है। इस शो में कपिल शर्मा और अर्चना सिंह के बीच की बातचीत लोगों को खूब हंसाती है। इस शो में अर्चना पूरन सिंह ने जज के तौर पर नवजोत सिंह सिद्धू को रिप्लेस किया है। अब द कपिल शर्मा शो के लेटेस्ट एपिसोड में अर्चना सिंह ने बताया है कि उनकी कुर्सी को खतरा है। अर्चना ने खुद इस बात का खुलासा भी किया है कि कौन उनकी कुर्सी हड़प सकता है? अर्चना को किससे खतरा है, यह बताने से पहले आइए जानते हैं कि आखिर उनकी कुर्सी पर खतरा है क्यों? अक्सर कपिल शर्मा इस शो में अर्चना को मजाकिया अंदाज में छेड़ते रहते हैं। दरअसल, जब सिद्धू इस शो को छोड़कर गए थे तो अर्चना सिंह ने उनकी कुर्सी को संभाला था। इसके बाद से ही कपिल, अर्चना की टांग खींचते हुए नजर आते हैं। वे अर्चना से कहते हैं कि सिद्धू पाजी के आने के बाद उनकी कुर्सी छिन जाएगी। हालांकि इस बार मामला अलग है। अर्चना ने सिद्धू से नहीं बल्कि, बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस से अपनी कुर्सी को खतरा बताया है।

## अर्चना ने ऐसा क्यों कहा?

दरअसल, द कपिल शर्मा शो के सेट पर अभिनेत्री काजोल अपनी आने वाली फिल्म सलाम वेंकी का प्रमोशन करने आई थीं। उनके साथ विशाल जेठवा और रेवती भी शो का हिस्सा बने थे। फिल्म के स्टार कास्ट के साथ कपिल खूब मस्ती मजाक कर रहे थे। कपिल के जोक्स पर काजोल जोर-जोर से ठहाके लगाकर हंस रही थीं। उन्हें ऐसे खुलकर हंसते देख अर्चना ने कहा, अगर मेरी कुर्सी कोई ले सकता है तो वह काजोल हैं। अर्चना इस बात को मानती हैं कि द कपिल शर्मा शो में बस काजोल ही हैं, जो उनकी कुर्सी पर कब्जा जमा सकती हैं। शो के दौरान अर्चना ने कहा कि अगर कोई मेरी जगह ले सकता है तो वो सिद्धू नहीं, बल्कि काजोल है।

# टॉयलेट और सेनेटरी पैड के बाद अब सेक्स एजुकेशन पर अक्षय कुमार की नई मूवी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार सामाजिक मुद्दों पर फिल्में बना चुके हैं। वो टॉयलेट-एक प्रेम कथा फिल्म लेकर आए थे। इसमें दिखाया गया था कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई लोग घर में टॉयलेट नहीं बनवाते हैं और इस वजह से सभी को, खासतौर पर महिलाओं को बहुत परेशानी होती है। इस मूवी के अलावा अक्षय सेनेटरी पैड पर भी फिल्म बना चुके हैं, जिसे ऑडियंस ने बहुत पसंद किया था। अब वो फिर से एक ऐसे मुद्दे पर मूवी लेकर आ रहे हैं, जिसके बारे में लोग आज भी बात करने से बचते हैं- सेक्स एजुकेशन। अक्षय कुमार हाल ही में जेद्दा में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुए, जहां उन्होंने अपनी आने वाली फिल्मों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वो अगली मूवी में सेक्स एजुकेशन के सब्जेक्ट को दिखाएंगे। वो इस फिल्म पर अभी काम कर रहे हैं। उन्होंने हॉलीवुड ट्रेड मैगजीन डेडलाइन से बात करते हुए कहा, ये बहुत जरूरी सब्जेक्ट है। कई जगहों पर ये नहीं है। हमारे पास सभी तरह के सब्जेक्ट हैं, जो हम स्कूल में सीखते हैं और सेक्स एजुकेशन वो टॉपिक है, जो मैं चाहूंगा कि दुनिया के सभी स्कूलों में इसे पढ़ाया जाए। इस फिल्म को बनने में अभी समय लगेगा। ये अप्रैल-मई 2023 में आ सकती है। ये मेरी अब तक की बेस्ट फिल्मों में से एक है।



## मुझे संतुष्टि मिलती है

55 साल के एक्टर ने आगे कहा, मुझे इस तरह की फिल्में, सामाजिक फिल्में करना पसंद है। यह इतनी बड़ी कमर्शियल सक्सेस वाली फिल्म नहीं है, लेकिन इससे मुझे संतुष्टि मिलती है।

## बैक टू बैक फिल्में हुई धराशायी

साल 2021 में अक्षय कुमार की सूर्यवंशी फिल्म रिलीज हुई थी, जो हिट गई। इसके बाद उनकी अतरंगी रे, बच्चन पांडे, सम्राट पृथ्वीराज, रक्षाबंधन, कठपुतली और रामसेतु कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनके करियर को बुलंदियों पर पहुंचाने वाली फिल्मों की फ्रेंचाइजी मूवीज भी उनके हाथ से निकल गई हैं। इनमें वेलकम 3, हेरा फेरी 3 और आवारा पागल दीवाना 2 शामिल हैं। बताया जा रहा है कि हेरा फेरी 3 में कार्तिक आर्यन राजू का किरदार निभाएंगे।

## इन फिल्मों में नजर आएंगे अक्षय कुमार

अक्षय कुमार हाल ही में आयुष्मान खुराना की फिल्म एन एक्शन हीरो में कैमियो में नजर आए थे। उनके पास सेल्फी, OMG 2 भी है। वो एक साउथ की हिंदी रीमेक फिल्म भी कर रहे हैं, जिसका नाम Soorarai Pottru है। इसके साथ ही वो जसवंत सिंह गिल की बायोपिक भी कर रहे हैं, जिसका नाम अभी तय नहीं हुआ है। ये फिल्म अगले साल 2023 में रिलीज होगी।

# तूफान की तरह वॉटर बाइक ले उड़ीं प्रियंका चोपड़ा

## दुबई में यॉट पर लेटकर सन बाथ का लिया मजा

**मुंबई, एजेंसी।** प्रियंका चोपड़ा ने अपने दुबई ट्रिप की झलक शेयर की है और दिखाया है कि उन्होंने वीकेंड पर वहां कितनी मस्ती की। प्रियंका शायद सउदी अरब, जेद्दा में रेड सी फिल्म फेस्टिवल अटेंड करने के बाद यहां अपने वकेशन मनाने पहुंचीं। प्रियंका जहां तस्वीरों में यॉट पर मोनोकिनी में आराम फरमाती दिख रही हैं वहीं वह वॉटर स्कूटर का भरपूर लुत्फ उठाती दिख रही हैं। जिसके बीच कुछ वीडियोज़ भी हैं। इन वीडियोज़ में प्रियंका वॉटर स्कूटर को अकेले पानी पर तूफान की तरह उड़ाती दिख रही हैं। एक और वीडियो है जिसमें वॉटर बाइक के मीटर का कांटा देखते ही देखते 8 से 20 तक पहुंच जाता है। साफ है कि प्रियंका इस स्पोर्ट्स में माहिर हैं और वह इसे खूब इंजॉय भी करती हैं। इसके अलावा प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर डिनर नाइट की भी झलक शेयर की है।

## शादी की सालगिरह पर प्रियंका ने निक के लिए कही ये बात

बता दें कि प्रियंका ने हाल ही में निक जोनस के साथ अपनी चौथी एनिवर्सरी सेलिब्रेट की है। निक को शादी की सालगिरह पर विश करते हुए प्रियंका ने लिखा था, अपने लिए एक ऐसा लड़का चुनें जो आपको हर दिन ये याद दिलाए कि आप प्यारे हो। हैपी एनिवर्सरी बेब।





# पुजारी पर फायरिंग से हड़कंप

## हथेली से आरपार निकली गोली

## दूसरी जांघ में धंसी

**जबलपुर, यशभारत। अधारताल के आनंद नगर में मंदिर में बैठकर पूजा पाठ कर रहे पुजारी से जमकर गालीगलौच कर दो बदमाशों ने मारपीट कर, फायरिंग कर दी। घटना में पुजारी ने बचाव किया तो एक गोली हाथेली से आरपार निकल गयी तो वहीं दूसरी गोली जांघ में धस गयी। जिसके बाद मचे शोर शराबे के बीच घायल को तत्काल अस्पताल में भर्ती किया, जहां से उसे नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वहीं, घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप कि स्थिति है।**



घटना को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर 307 सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर, आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मनीष दुबे पिता ललितमोहन दुबे 52 वर्ष निवासी आनंद नगर ने बताया कि रोज की तरह मंदिर में बैठकर पूजन कर रहा था। तभी दो आरोपी आए और गालीगलौच करने लगे।

### फायरिंग से मची भगदड़

पीड़ित को पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों ने कहा कि यहां बहुत पूजन पाठ कर रहे हो। उसने विरोध किया तो मारपीट कर दी। इससे पहले वह कुछ समझ पाता दोनों आरोपियों ने सीधे फायरिंग कर दी। वह अपनी जान बचाकर भागने लगा। जिसी बची एक गोली उसकी जांघ में लगी तो वहीं वार रोकने के लिए उसे हाथ आगे बढ़ाया तो दूसरी गोली उसकी हथेली से आर-पार हो गयी।

### क्षेत्र में दहशत

फायरिंग की घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है। मंदिर यहां आस्था का प्रमुख केन्द्र है। ऐसे में पुजारी पर हुई फायरिंग के बाद क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज चैक कर रही है।

# ओएफके में दो जे डब्ल्यू एम पर निलंबन की गिरी गाज

## 30-35करोड़ का बम का लाट फेल होने पर हुई कार्यवाही

**जबलपुर यशभारत। आयुध निर्माणी खमरिया में आज सुबह सुबह फिलिंग-3में सिक्योरिटी विभाग के स्टाफ के पहुंचते ही सनाका खिंच गया कि आखिर मामला क्या है।थोड़ी देर बाद जानकारी सामने आई कि अनुभाग के दो जेडब्लूएम पर निलंबन का आदेश हुआ है उस मामले पर कार्यवाही हेतु सुरक्षा स्टाफ आया है।जो अनुभाग से दोनों कनिष्ठ कार्य प्रबंधक को अपने साथ सुरक्षा कार्यालय ले गया है।जहां पर दोनों अधिकारियों को निलंबन प्रक्रिया कर घर भेज दिया है।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत दिनों खमरिया मे बनने वाले 551-बमों का लाट फेल हो गया था। जो करीब30 करोड़ रुपये के आसपास का बताया जाता है जिसकी चर्चा मिनिस्ट्री तक रही।बताया जाता है कि उक्त बमों का लाट फिलिंग-3 अनुभाग में बनाया गया था। लिहाजा फौरी तौर पर इस अनुभाग के दो जेडब्लूएम को जिम्मेदार मानते हुए आज सुरक्षा विभाग द्वारा निलंबन आदेश थमा दिया।उक्त कार्यवाही की पूरी निर्माणी में चर्चा रही।उल्लेखनीय है कि इस सत्र में खमरिया को अब तक का सबसे बड़ा उत्पादन लक्ष्य33 सौ करो? रुपए का मिला।सत्र अवधि में लक्ष्य पूरा करने के लिए आपाधापी मची हुई है।इस निलंबन को लेकर लोगों में चर्चा है कि इस मामले में छोटी मछलियों का शिकार हुआ।जब कि बड़ी मछलियां को बचा लिया गया है।सभी यूनियन एसोसिएशन का कहना है कि कोई भी काम अच्छा या बुरा होता है तो उसमें सभी जिम्मेदार होते हैं।फिर इस मामले में ग्रुप ए के अधिकारियों को क्यों बख्शा जा रहा है।उन पर बराबर की जिम्मेदारी है।

## होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस

# मार्चपास्ट में दिखा देशभक्ति का जज्बा

**जबलपुर, यशभारत। आज 76 वें होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस के दौरान मार्चपास्ट में जहां देश भक्ति का अदम्य जजबा दिखा तो वहीं मॉकड्रिल में आपदा में फंसे लोगों को बचाते देख सभी की सांसे थम गयी। इस दौरान सभी ने मुक्त कंठ से होमगार्ड की सराहना की।**

कार्यक्रम श्रीमति सुमित्रा बाल्मीक राज्य सभा सांसद के मुख्य आतिथ्य में कार्यालय डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड में आज 10 बजे मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य आतिथि को 6 प्लाटूनों द्वारा सलामी दी गई । जिसमें केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान होमगार्ड मगेली जबलपुर के भी प्लाटून सम्मिलित रहे । परेड का नेतृत्व जितेन्द्र पटेल, प्लाटून कमाण्डर सीटी आई होमगार्ड मगली जबलपर द्वारा किया गया । परेड द्वारा आर्कषक मार्चपास्ट किया गया । इस मौके पर सम्बोधित करते हुये मुख्य आतिथ्य द्वारा नगर सेना की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य आतिथ्य द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में होमगार्ड द्वारा किये गये कार्यों को सरहाना की गई बाद परेड एसडीईआरएफ होमगार्ड जवानों द्वारा आपदा संबंधी मॉक ड्रिल किया गया एवं मुख्य आतिथ्य महोदया द्वारा अत्याधुनिक आपदा प्रबंधन उपकरणों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया।

## आपदा में फंसे लोगों को बचाते देख होमगार्ड के अदम्य साहस को सबने किया सलाम



### डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट हुये सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान 12 फ रवरी 2022 को स्लीमनाबाद में टनल के धंसने से फंसे हुये 9 लोगो में से 7 लोगों को जिन्दा निकालने पर मुख्य आतिथ्य में महोदया द्वारा नीरज सिंह ठाकुर, डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड जबलपुर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### 50 अधिकारी पुरस्कृत

विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले होमगार्ड अपदा प्रबंधन एवं सिविल डिफेंस के अधिकार / कर्मचारी / स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। मॉक ड्रिल में दिखी कर्तव्य निष्पादन की झलक स्थापना दिवस समारोह में नागरिक सुरक्षा के महत्वपूर्ण दायित्यों नागरिकों के साथ मिलकर जिस प्रकार निष्पादित किया जाता है इस का प्रदर्शन मॉक ड्रिल के माध्यम से किया गया जिसमें एसडीईआरएफ होमगाड्र्स एवं सिविल डिफेंस के वार्डनों ने आगजनी, भूकम्प, क्षतिग्रस्त भवनों में फं से नागरिकों को सुरक्षित बचाने एवं फोरी उपचार उपलब्ध कराने का ड्रिल दिखाया गया। इस अवसर पर सीनियर स्टाफ आफीसर होमगार्ड मुख्यालय जबलपुर अपूर्व शुक्ला, कमाण्डेंट सीटीआई रोहिताश पाठक, डिवीजनल कमाण्डेंट होमगार्ड आशीष खरे डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड नीरज सिंह ठाकुर, विनय कैथवास एवं होमगार्ड के अधिकारी / कर्मचारी एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

# अधारताल में बाइकर्स गैंग का कारनामा

### युवक पर ताबड़तोड़ चाकुओं से वार कर किया लहूलुहान

जबलपुर, यशभारत। अधारताल में बाइकर्स गैंग का नया कारनामा सामने आया है। जहां बाइक अड़ाकर तीन युवकों ने पहले तो पहले तो युवक से जमकर मारपीट की और फिर चाकू से वार कर लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि मोह. शाजिद 19 वर्ष निवासी मोहरिया ने कि अमखेरा से घर वापस जाते समय आनंद नगर बस स्टॉप के पास 3 युवक बाइक से आये और गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर उस पर चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गए।

# खेत जा रहे युवक पर कुल्हाड़ी से हमला

### आपसी रंजिश के चलते किया वार, आरोपी फरार

जबलपुर, यशभारत। कटंगी में पैदल जा रहे युवक से गलीगलौच करते हुए आरोपी ने कुल्हाड़ी से हाथ में हमला कर लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गया। घायल युवक जैसेतैसे थाने पहुंचा। पूरा मामला आपसी रंजिश का है। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि सुनील साहू 43 वर्ष निवासी भिलौदा ने बताया कि वह पैदल खेत जा रहा था। तभी रास्ते में सिन्नी चकव्रती अपने घर के सामने खड़ा मिला जो उसे देखकर गालीगलौज करने लगा उसने गालीगलौज करने से मना किया तो कुल्हाडी से हमला से उसके हाथ में हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया ।

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

JYOTI INNER ZONE
सभी कम्पनियों के विन्टर इनर उपलब्ध
LUX COZI | AMUL MACHO | RUPA | JOCKEY | DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेज़ी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com
www.galaxyhospitaljbp.com

# पैदल जा रहे वृद्ध को एक्टिवा सवार ने मारी टक्कर

## बीच रोड खुल गया सिर, मौत



**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल थाना अंतर्गत धनी की कुटिया मेन रोड में पैदल जा रहे वृद्ध को बेकाबू एक्टिवा सवार चालक ने सीधी टक्कर मार दी थी। हादसे के दौरान वृद्ध रोड से उछलकर करीब दस फिट दूर जा गिरा। जिसे सिर में गंभीर चोट आई। जिसके बाद आनन-फानन में घायल को एम्बुलेंस से मेडिकल में भर्ती किया गया। जहां इलाज के दौरान घायल ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर गैर इरातदन हत्या का मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रमेश लोधी पिता स्वर्गीय हरीसिंग लोधी 64 वर्ष खेरमाई मंदिर अधारताल का निवासी था। विगत दिनों एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एसएम 1711 के चालक ने धनी की कुटिया मेन रोड में पैदल जा रहे वृद्ध को सीधी टक्कर मार दी। दुर्घटना में वृद्ध के सिर लहूलुहान हो गया। जिसके बाद परिजनों ने रोड से उठाकर घायल को तत्काल 108 से अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज के दौरान वृद्ध ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला कायम कर, आरोपी एक्टिवा चालक को तलाश करने में जुटी है।

**एक्टिवा सवार आरोपी के खिलाफ मर्ग जांच के बाद मामला दर्ज, जांच जारी**

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
फ्रुट आयटम उपलब्ध
→रोस्टेट नमकीन →सत्तू →मूंगफल्ली की लइया →रोस्टेट ड्राई फ्रूड →वेक्ड टोस्ट →करेला चिप्स →पीनट चिक्की →ड्राईभेल →बिस्कट →फुल्की →रोस्टेड मूंगफल्ली →सिंधी पापड़ →चने
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

दुआ से तकदीर बदलती है आप है परेशान हमसे पाये समाधान
27 साल के अनूभवी
अली शाह
करनी करतूत, बीमारी में दवा ना लगना, कारोबार और घर में बरकत ना होना, प्रेम विवाह, वशीकरण, गृहकलेश, बंदिशबाधा रुकावट आदि ऐसे तमाम रुहानी परेशानी के
हल के लिए आज ही मिले।
संपर्क करें मो. 8878383610, 8982585083

अब नये परिवेश में
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्निशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कंबल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने
3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
शालें ही शालें...
लक्ष्मी एम्पोरियम
• काश्मीरी • प्योरऊल • जमावार • सिप्पीवर्क • कानीवर्क • आरी वर्क •
फैंसी रंग डिज़ाईन
नया स्टॉक उचित दाम
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

आपका शैल्बी, आपका हेल्थ पार्टनर
अधिक जानकारी व अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क : +91 95758 01200
28 YEARS | SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल्स
प्लाट नं. 5, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)
24x7 Emergency & Pharmacy
Emergency No 95758 01020
www.shalby.org

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)